# परिवारवाद और वंशवाद ही इंडी का असली मेनफिस्टो : भूपेंद्र चौधरी

## ⇨ कन्नौज में भतीजे, मैनपुरी में पत्नी और आजमगढ़ में भाई को दिया टिकट

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा टिकट बांटने में परिवार को प्राथमिकता देने पर करारा हमला करते हुए कहा कि उनका समाजवाद से कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश यादव सिर्फ परिवार वाद और वंश वाद की राजनीति कर रहे हैं। यह उनपर इस कदर हावी है कि कार्यकर्ताओं को भूल गये हैं। इसकी झलक अखिलेश द्वारा भतीजे को कन्नौज में तेज प्रताप यादव, मैनपुरी में पत्नी डिंपल यादव, आजमगढ़ में भाई धमेंद्र यादव और चाचा शिवपाल को पहले बदायूं से टिकट दिया बाद में बेटे आदित्य यादव टिकट देने में साफ देखी जा सकती है।

इसकी वजह से कार्यकर्ताओं में काफी निराशा और हताशा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं। उनकी यह सोच मोदी सरकार की कल्याणकारियों योजनाओं में साफ देखी जा सकती है। यही वजह है कि देश की जनता इस बार 400 पार को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव व उनके इंडी पार्टनर्स वोट बैंक की राजनीति के लिए तुष्टीकरण पर आमादा है। इनका इतिहास ही एक वर्ग विशेष को खुश करने का है। इनका मेनिफेस्टो भी इसी से प्रेरित है। देश और प्रदेश की जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली है। वह मोदी के नेतृत्व में सबका साथ और सबका विकास की नीति को पसंद करती है।

वह इनके तुष्टीकरण के जाल में फंसने वाली नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब अखिलेश यादव अपनी पार्टी ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो वह प्रदेश की जनता की भलाई के लिए क्या कदम उठाएंगे। अखिलेश यादव परिवार में इस कदर डूब गये हैं कि अपने कार्यकर्ताओं का टिकट काट कर अपने परिवार को बांट रहे हैं। इतना ही नहीं वह रैली भी उनके लिये ही कर रहे हैं। अखिलेश और इंडी दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। इनके गठबंधन भी परिवार वाद पर खड़ा हुआ है। जनता इनके परिवारवाद को मोह को समझ चुकी है। वह अपने वोट की चोट के जरिये शून्य पर आउट करने वाली है। मोदी सरकार ने देश की जनता को जो गारंटी दी है वह उससे पूरी तरह संतुष्ट और सहमत है, जिसे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी की जनसभा में अपनी लाखों की संख्या में आमद दर्ज करा कर जाहिर कर रही है। देश की जनता जर्नादन अपनी भीड़ के जरिये साफ कर रही है कि वह किसके साथ है। जिन लोगों को लगता है कि वह जनता को दोहन करने के लिए सत्ता में आएंगे, उन्हे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी की जनसभाओं में जाकर देखना चाहिये।

## कॉपी-किताब की दुकान में लगी आग, 10 लाख रुपए कीमत का सामान जलकर राख

**वाराणसी।** वाराणसी के सिगरा थानाक्षेत्र के इंग्लिशिया लाइन स्थित एक किताब की दुकान में सोमवार सुबह आग लग गई। देखते ही देखते यह आग आसपास की बिल्डिंग तक फैल गई, जिससे लोगों में अफरातफरी मच गई। बगल की बिल्डिंग में रहने वालों ने किसी तरह से बाहर निकलकर जान बचाई। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 7 बजे आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब 30 मिनट बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक किताब की दुकान में रखा लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि बिजली की शार्ट सर्किट से दुकान में आग लगी। पीड़ितों ने बताया कि दुकान के अंदर 10 लाख से अधिक मूल्य की कॉपी किताब मौजूद थी, जो जलकर राख हो चुकी है। आग लगी तो दुकान का मालिक मौके पर नहीं था। आसपास के लोगों ने उनको फोन करके आग लगने की सूचना दी।

आग लगने वाली दुकान के बगल वाले मकान में रहने वाले बबलू श्रीवास्तव ने बताया कि मेरे घर के बगल में ही कृष्ण बुक एजेंसी है। आग लगी आग की लपट इतनी तेज थी कि हमारे मकान को भी अपने चपेट में ले लिया। हम तुरंत घर से निकलकर सड़क पर भागकर पहुंचे। हमारे घर का भी काफी नुकसान हुआ है। इसी मकान में रहने वाली रानी श्रीवास्तव ने बताया कि जब आग लगी तो हम सभी घर में काम कर रहे थे, आग इतनी तेज थी कि उसने हमारे घर को भी अपने चपेट में ले लिया और पर्दे जलने लगे। हमने सबको उठाया और तुरंत घर से बाहर निकले। सही समय पर आग बुझाई गई नहीं तो कई इमारतें राख हो जाती। स्थानीय लोगों ने बताया कि बुक एजेंसी के साथ-साथ उनका गोदाम भी पास में ही है। बड़े-बड़े ट्रक से माल आता है, इसलिए यह अंदाजा लगाना मुश्किल है कि कितना माल जला होगा। यह तो दुकान का मालिक ही बता पाएंगे कि उनका कितना नुकसान हुआ। वहीं आग लगने के बाद दुकान में काम करने वाले और आसपास के लोग बचे सामान को बाहर निकालते रहे। गली तक आग फैली थी तो वहां भी फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का काम किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली में हुए शॉर्ट सर्किट से ही यह आग लगी है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि हम लोगों को आग लगने की सूचना 7 बजे मिली। आग भयानक थी तो मौके पर दो टीमों को भेजा गया। आधा घंटा की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। जितनी भी कॉपी- किताब थे उन्हें बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया कि दुकान के साथ-साथ अंडरग्राउंड भी काफी किताब भरा था, जिसकी वजह से अंदर काफी धुआं भर गया था। मौके पर अब स्थिति सामान्य है कोई हताहत नहीं हुआ है।

## पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी अंजली वर्मा के सुपुत्र ने मेरिट लिस्ट में बनाया स्थान



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - जनपद की तहसील महमूदाबाद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरैयां बलदेव सिंह के पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अंजली वर्मा पत्नी विनोद कुमार के पुत्र नैमिष वर्मा ने हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में 90. 83 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है बात करने पर नैमिष वर्मा ने बताया कि वह चिकित्सा बनकर समाज सेवा करने की इच्छा रखता है। जानकारी के अनुसार जिले की तहसील मोहम्मदाबाद क्षेत्र के सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज में अध्यनरत छात्र नेम्स वर्मा ने हाई स्कूल की परीक्षा में 90.83त्न अंक हासिल कर अपने माता-पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है। नैमिष वर्मा ने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया है जिन्होंने कड़ी मेहनत कर उन्हें इस मुकाम पर पहुंचा है। नैमिष ने बताया कि हमारे कॉलेज के हाई स्कूल को पढ़ने वाले समस्त अध्यापकों ने मुझे प्रोत्साहित कर सदैव अच्छा मार्गदर्शन दिया और हर कठिन से कठिन प्रश्न का समाधान किया जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिल रहा है।रात दिन बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते हुये कड़ी मेहनत करके 545 अंक( 90.83त्न) हासिल करने में सफलता प्राप्त की।मैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं। कॉलेज का रिजल्ट देखकर काफी उत्साहित हूं।शिक्षकों की कड़ी मेहनत का असर भी दिख रहा है। कॉलेज परिवार के लिए आज बहुत खुशी का दिन है हमारे कॉलेज के ज्यादा से ज्यादा छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। आज मुझे बहुत खुशी की अनुभूति हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार नैमिष ने अच्छे अंक लाकर स्कूल परिवार के साथ-साथ गांव तहसील का नाम रोशन किया है। ग्रामीणों ने नैमिष वर्मा को माला पहनकर मिठाइयां खिलाते हुए स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ साथ नैमिष के माता-पिता ने कॉलेज परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# भाजपा सरकार ने कोई भी वादा पूरा नहीं किया - आनंद

## ➲ सपा प्रत्याशी ने मोहम्मदी/कस्ता विधान सभा क्षेत्र के गांवों में की नुक्कड़ सभाएं

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - धौरहरा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने सोमवार को मोहम्मदी, कस्ता विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभाएं की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही केवल विकास करती है। भाजपा के पास विकास के नाम पर गिनाने लायक कोई काम नहीं है। भाजपा केवल धर्म के नाम पर वोट मांग रही है। मतदाता वादे पूरे कराना चाहता है। लेकिन भाजपा की डबल इंजन की सरकार न तो देश में और नहीं प्रदेश में कोई वादा पूरा कर सकी है। मोहम्मदी क्षेत्र के मितौली और कस्ता कस्बा सहित मोहम्मदपुर,कल्लियाराम पुर,उसरी नानकार,संडिलवा, दतेली कलां, पकरिया जलालपुर,तेंदुआ आदि गांवों में नुक्कड़ सभाओं में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व विधायक आनंद भदौरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में युवा, किसान, मजदूर सभी लोग



परेशान हैं। आम जनता महंगाई से जूझ रही है। केंद्र की भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था। आय तो दोगुनी नहीं हुई लेकिन किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रही है। खुले में घूम रहे गोवंश के कारण किसान रात भर खेतों की रखवाली करने को मजबूर है इसके साथ ही अनेकों किसान गौवंशों के हमले से अचानक काल के गाल में समा चुके हैं। इसके बावजूद किसान की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल जनता को गुमराह कर रही है। पूर्व विधायक सुनील भार्गव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नुक्कड़ सभाओं में जिस तरह से भीड़ उमड़ रही है, उससे यह स्पष्ट है कि इस बार धौरहरा के मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। लोगों का समर्थन बदलते हुए चुनाव परिणाम की आहट है। इस विशाल जन समूह का एक ही सपना है कि सभी को समानता, सुरक्षा व सम्मान मिले, और यह सब समाजवादी पार्टी ही दे सकती है। जन सभाओं को मोहम्मदी विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र वर्मा आदि ने सम्बोधित करते हुए आगामी 13 मई2024 को साईकिल वाला बटन दबाकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस मौके पर हरिपाल सिंह,राम जीवन यादव,विश्राम लाल यादव, राहुल सिंह, मंजू यादव, कालीचरण यादव, संदीप वर्मा, विवेक यादव, लाल सिंह यादव, संतोष कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर निकली पर्यावरण जागरूकता रैली

## ● गोष्ठी व पौधरोपण का भी हुआ आयोजन




**कुशीनगर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा सोमवार को नगर पालिका परिषद कुशीनगर के विशम्भरपुर स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के साथ पृथ्वी के संरक्षण हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को क्षेत्रीय वन अधिकारी कसया जयंत कुमार सिंह राणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राथमिक विद्यालय से निकली रैली विशम्भरपुर सहित आस पास क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय विशम्भरपुर में आकर ठहरी। लोगों को जागरूक करने हेतु रैली में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी नारे जैसे पौधे लगाएं पौधे बचाएं पौधे हैं तो जीवन है, धरती माता करें पुकार हरा भरा कर दो संसार, वृक्ष धरा के भूषण हैं करते दूर प्रदूषण हैं, कहते हैं सब वेद पुराण एक वृक्ष दस पुत्र समान आदि नारे लगाए। रैली निकालने के पूर्व प्राथमिक विद्यालय विशम्भरपुर में बच्चों के साथ पर्यावरण जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन कर पौधरोपण भी किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते वन अधिकारी जयंत कुमार सिंह राणा ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित व प्रदूषण मुक्त रखने हेतु अधिकाधिक पौधरोपण और उनका संरक्षण जरूरी है। पौधों से हमें प्राणवायु ऑक्सीजन के साथ साथ फल, फूल, छाया, सुगंध और घरेलू प्रयोग के वस्तुओं के निर्माण हेतु लकड़ियां भी प्राप्त होती है। गोष्ठी को उप निरीक्षक जलालुद्दीन और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग के मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ल ने भी संबोधित किया। संचालन नयी दिशा सचिव डॉ० हरिओम मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमर प्रकाश पांडेय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पुष्पा सिंह, गीता शर्मा, चंद्रपाल सिंह, आलोक तिवारी, संतोष यादव, इंदु देवी, सत्यभामा सिंह, विद्या देवी, चाँदमती देवी, सुमित्रा देवी, इसरावती देवी आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शरद मिश्रा ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं अवध जोन के इंचार्ज शरद मिश्रा ने आज स्थानीय ट्रीट होटल में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया एवं पत्रकार वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता एवं सचिन रावत भी उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए शरद मिश्रा ने कहा कि 2024 का चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है एवं कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र पर शरद मिश्रा ने कहा कि यह जनता का घोषणा पत्र है जो राहुल गांधी के नेतृत्व में जनता को समर्पित है।




पत्रकार वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए शरद मिश्रा ने कहा कि सीतापुर ऐतिहासिक जिला है यहां की जनता इस बार बीजेपी को उखाड़ कर फेंक देगी। प्रदेश कांग्रेस की प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता ने स्थानीय मुद्दों पर कहा कि यहां महिलाओं के लिए डिग्री कॉलेज नहीं है एवं रेउसा थाना क्षेत्र में विगत दिनों में जिस तरह छोटी बच्चियों पर जघन्य अपराध हुआ उससे भारतीय जनता पार्टी सरकार की कानून व्यवस्था ध्वस्त होती नजर आती है। प्रवक्ता सचिन रावत ने छीता पासी का जिक्र करते हुए कहा कि इतने बड़े महापुरुष के किले की बत्ती गुल है जिससे यह सिद्ध होता है कि यह सरकार दलित विरोधी है। सचिन रावत ने स्थानीय मुद्दों पर ट्रॉमा सेंटर ,चीनी मिल एवं अन्य मुद्दों को लेकर अपनी बातें रखीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी,शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई,आमोद मिश्र,यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा,चोक्ष विभु अवस्थी,मंजरी राही,संजय दीक्षित,शोभित अवस्थी,रामपाल यादव आदि उपस्थित रहे।

## रसोई गैस के उपकरणों के रख-रखाव की दी जानकारी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ राकेश पाण्डेय**






सीतापुर - इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तत्वाधान में जिले के सभी एलपीजी इण्डेन वितरकों के सहयोग से फायर वीक जागरूकता पहल के तहत एक सुरक्षा क्लिनिक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सिधौली इंडेन गैस के गोदाम पर किया गया। इसमें जिले के सभी इंडेन गैस के वितरकों के बीच सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लिनिक में रसोई के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रथाओं को शामिल किया गया। इस मौके पर लखनऊ डिवीजन के डिवीजनल एलपीजी सेल्स हेड विशाल भारत ने एलपीजी सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की और एलपीजी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया। इस मौके पर उन्होंने निःशुल्क बेसिक सुरक्षा जांच के तहत रसोई घर में इस्तेमाल होने वाले एलपीजी संबंधी उपकरणों की जांच एवमं, उनके रख-रखाव, उपयोग पर जागरूक करने एवं जागरूक रहने की अपील भी की। उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी सुरक्षा जांच को गंभीरता से लेते हुए गोदाम से घर तक गैस सिलेंडर सुरक्षित पहुंचे। इसके अतिरिक्त,सत्र के दौरान ब्लास्ट प्रूफ कंपोजिट सिलेंडर के लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विक्रय अधिकारी मनीष कुमार वर्मा,सीतापुर के प्रबंधक एलपी जी आदित्य प्रकाश,मोनिस अली खां, आलोक गुप्ता,सोनू सुरेश मनोज मेहरोत्रा,सोमेश,पुष्पा भार्गव,दीपक शुक्ल आदि इण्डेन गैस एजेंसी के सभी वितरक उपस्थित रहे।

### उज्जवल विकास संस्थान लखनऊ ने मनाया पृथ्वी दिवस समारोह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



अमेठी - पृथ्वी दिवस समारोह पृथ्वी विज्ञान मन्त्रालय भारत सरकार के प्रायोजन में उज्जवल विकास संस्थान लखनऊ के सहयोग से नीति आयोग द्वारा चयनित ब्लॉक, जामो एवं जगदीशपुर, जनपद अमेठी, उत्तर प्रदेश में सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर समाज सेवी रमेशचन्द्र भट्ट, देवनाथ श्रीवास्तव एवं गिरिजा शंकर द्वारा पृथ्वी दिवस का महत्व, समसामयिकता तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास तथा कार्ययोजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों द्वारा भी इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गये। इसमें पाठ्यचर्या, कला प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान रखने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में जूट का बैग वितरित किया गया और विद्यालयों में मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों आदि के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र के अतिक्ति संस्था के पदाधिकारी एवं कर्मचारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के मन्त्री मुकेश कुमार एवं उपाध्यक्ष ने कार्यक्रम की सफलता के लिए विद्यालय के प्रबन्धकों एवं श्रोताओं, छात्र, छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### नामांकन पर्चा निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपते गीता कोडा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ -**



मोहम्मद इब्राहिम स्टेट हेड झारखंड चाईबासा झारखंड - सोमवार को सिंहभूम लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी गीता कोडा ने प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और भाजपा के पदाधिकारियों तथा भारी संख्या में कार्यकर्ताओ के साथ नामांकन पर्चा भरा।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि अबकी बार 400 पार में पश्चिमी सिंहभूम की सीट भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली बार भाजपा ने झारखंड में 12 सीटें जीती थी , इस बार सभी 14 सीटें जितनी है। श्री मरांडी भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के नामांकन के मौक़े पर चाईबासा के खूँटकट्टी मैदान में सभा को संबोधित कर रहे थे। वह इस मौक़े पर झामुमो , राजद और कांग्रेस पर जम के बरसे। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा , राजद और कांग्रेस की सरकार चल रही है। इस सरकार ने 4 वर्षों में इस राज्य को खोखला कर दिया है। गीता कोड़ा ने नामांकन पर्चा भरा।

### पुलिस ने शहरी क्षेत्र में अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता झारखंड**

पलामू झारखंड - एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस ने सोमवार को शहरी क्षेत्र के वैद्य विगहा में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि वैद्य विगहा में एक अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं 4 ड्राम में रखे करीब दो क्विंटल जावा महुआ तथा 20 लीटर निर्मित देसी शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। हालांकि शराब व्यवसायिक पुलिस को देख भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब निर्माण करनेवाले फरार धंधेबाजों को पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है। छापेमारी अभियान मे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के अलावे एसआई विगेश कुमार राय, नंदलाल साहनी, डीके गोप एएसआई संजय कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।



# फरार वारंटी के घर पुलिस ने किया कुर्की



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता झारखंड**

हरिहरगंज झारखंड - पुलिस ने सोमवार को सेमरवार गांव में विरेन्द्र पासवान के घर का कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गयी। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि विरेन्द्र पासवान बिहार राज्य के दाउदनगर थाना में दर्ज कांड संख्या 240 /2014 का फरार अभियुक्त है। एसआई विगेश कुमार राय तथा पुलिस बल ने कुर्की का कार्रवाई किया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर फरार वारंटीयों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 10 जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हमीरपुर**

हमीरपुर - कस्बे के गायत्री तपोभूमि में संगम सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 10 जोड़ों ने एक दूसरे को वर माला पहनाकर जीवनसाथी चुना। संगम सेवा समिति के अध्यक्ष अजय प्रजापति ने बताया कि इस सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में सोनम देवी-शनिदेवल, विनीतादेवी-शमशेर, सत्ती-दयाशंकर, गुड्डो-मोहित, साधना-रमाकांत, आरती-राम, सोनाली-रजनीश कुमार, छाया-अभिषेक सिंह, सोमवती-सुनील, निशा-राजू ने एक दूसरे को वरमाला पहनकर जीवनसाथी चुना। समिति की ओर से वर-वधुओं को दहेज का समान प्रदान करके ससम्मान आशीर्वाद देकर विदा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सहसंयोजक पवन टेलर आदि समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देश के 90 विदेशी रामभक्त

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए।

इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये। अयोध्या पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से भूटान के राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। दर्शन करने वाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की। गौरतलब है कि बीते वर्ष 23 अप्रैल 2023 को डॉ. जौली की पहल पर 156 देशों व सात महाद्वीपों के नदियों व समुद्रों के जल से राम मंदिर में अभिषेक किया गया था। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल,विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश, उज्बेकिस्तान के व्यवसायी अशोक के. तिवारी (प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित), भूपेंद्र कंसल (महामंत्री हिमालय परिवार) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनावः जो कभी पिलर थे,आज गायब

**लखनऊ।** कभी चुनाव मैदान में कप्तान की भूमिका में रहे राजनीति के दिग्गज इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान दर्शक दीर्घा में हैं। पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व सांसद निर्मल खत्री और पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू जैसे दिग्गज इस बार अयोध्या के रण से नदारद हैं। इनके समर्थक असमंजस में हैं। एक समय अयोध्या की राजनीति की धूरी रहे कटियार आजकल अज्ञातवास में हैं। विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्हें देश भर में अलग पहचान मिली। राममंदिर आंदोलन के समय कटियार फायर ब्रांड नेता के तौर पर चर्चित हुए। भाजपा में राष्ट्रीय महासचिव तक का दायित्व संभाला।1991 व 1999 में वे दो बार फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से चुने गए। पार्टी में उनके योगदान और बड़े कद को देखते हुए 2012 व 2018 में दो बार राज्यसभा में भेजा गया। 2022 के विधानसभा चुनाव तक कटियार अयोध्या की राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने इस विधानसभा चुनाव में रुदौली के पार्टी प्रत्याशी रामचंद्र यादव के समर्थन में चुनावी सभाएं भी कीं। इसके बाद से राजनीति से कटते गए। इसचुनाव में भाजपा की ओर से उनकी कोई भूमिका तय नहीं। कांग्रेस के कद्दावर नेता निर्मल खत्री भी पर्दे के पीछे हैं। गठबंधन में फैजाबाद सीट सपा के हिस्से में चली गई। सपा ने यहां से अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। निर्मल पहली बार 1980 में यहां से विधायक चुने गए। इसके बाद 1984 व 2009 में सांसद निर्वाचित हुए। 2012 से 2016 तक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से लड़ा और 1,29,917 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे। 2019 के चुनाव में 53,386 मत पाकर तीसरे स्थान पर थे। इस चुनाव में कांग्रेस का सपा से गठबंधन है और निर्मल चुनाव मैदान से बाहर हैं। कभी बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी नेताओं में शुमार जितेंद्र सिंह बबलू इस लोकसभा चुनाव में राजनीति से दूर हैं। बबलू 2007 में बसपा के टिकट पर बीकापुर से विधायक चुने गए थे। 2014 में बसपा से ही लोकसभा चुनाव लड़े और 1,41,827 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। तब कांग्रेस यहां चौथे स्थान पर सिमट गई थी। 2021 में पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए। यह अलग बात रही कि वर्ष 2009 में तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीता बहुगुणा जोशी का घर जलाने के आरोप में घिरे बबलू की सदस्यता बाद में निरस्त कर दी गई। 2022 में निषाद पार्टी का दामन थामा। इसके बाद से वे राजनीति के रण मे दिखाई नहीं दे रहे हैं।

# लोकसभा 2024 चुनाव में देश भर में नहीं दिख रही है अब मोदी लहर- सुनील सिंह

**◻ आसमान छूती महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी भाजपा को वोट के चोट से हराने का काम करेगा**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता मो. जाहिद अख्तर**




लखनऊ – इंडिया गठबंधन में शामिल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने सोमवार को लोकसभा चुनाव में मथुरा की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का 400 सीट का नारा किसी जुमले से कम नहीं। अब पूरे देश में मोदी की कोई लहर नहीं दिखायी दे रही है। 19 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पहले चुनावी चरणों में वोटिंग प्रतिशत ने इस बात के साफ़ संकेत दे दिये हैं कि इस बार भाजपा की हार निश्चित है। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि बढ़ती महंगाई, आर्थिक मंदी, बढ़ती बेरोज़गारी और संघर्षों से लोग परेशान हो चुके हैं। केंद्र की मोदी सरकार देश की जनता का ध्यान भटकाने का निरंतर प्रयास कर रही है। स्वयं मोदी कभी धर्म का मुद्दा उठा रहे हैं तो कहीं समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हो रहे लोकसभा चुनाव में बीजेपी के लोगों का महंगाई, बेरोज़गार, आर्थिक तंगी से ध्यान हटाने के लिए हर संभव हथकंडे अपना रहे हैं लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में देश की जनता सब देख रही है और समझ भी रही है। इसलिए 2024 का चुनाव देश की जनता के लिए लोकतंत्र को बचाये रखना भी बहुत महत्वपूर्ण है। चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि पहले देश की जनता ऐसा मानती थी कि इनका कोई विकल्प नहीं है। लेकिन जब से इंडिया गठबंधन उभर कर आया है, अब लोग भी कहने लगे हैं कि कि यह गठबंधन 2024 में भाजपा की सरकार नहीं बनने देगी। बीजेपी की डबल इंजन की सरकार किसी भी वर्ग के साथ अच्छा व्यवहार नहीं कर रही है। किसानों को उनकी फ़सल का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी नही दिया जा रहा है। हमारे देश के होनहार खिलाड़ी भी मौजूदा सरकार के रवइये से परेशान और निराश हो चुके हैं। अपनी इज़्ज़त तथा अस्तित्व को बचाने के लिए महिला खिलाड़ियों को धरने पर बैठना पड़ा बावजूद इसके इस सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। इस बार चुनाव में किसान, खिलाड़ी, युवा, बेरोज़गार सभी मिलकर बीजेपी को हराने का काम कर रहे हैं।

## हाइड्रोपोनिक्स इन प्लांट कल्टीवेशन एंड सोलर ड्रायर विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ – बीएसएनवी इन्स्टीट्यूट के अध्यक्ष टी एन मिश्र के प्रेरणा से आज दिनांक 22 अप्रैल 2024 विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में बीएसएनवी महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा हाइड्रोपोनिक्स इन प्लांट कल्टीवेशन एंड सोलर ड्रायर विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता संजय सिन्हा ( निदेशक ASPL Green Ventures Pvt Ltd ) व उनके सहयोगी विनय शुक्ला ने सोलर ड्रायर / फूड डिहाइड्रेशन पर अपने – अपने व्यक्तव प्रस्तुत किए। विनय ने हाइड्रोपोनिक्स विषय में विद्यार्थियो को विस्तार रूप में परिचित कराते हुए उन्होंने बताया कि इस विधि द्वारा बिना मिट्टी के पौधों को उगाया जा सकता है धनिया, सलाद के पत्ते, ब्रोकली तथा अन्य फूल वाले पौधों को कम जगह में उगाया जा सकता है। इसकी लागत के बारे में भी उन्होंने हमारे छात्र – छात्राओ को अवगत कराया। दूसरे वक्ता संजय सिन्हा ने सोलर ड्रायर के बारे में बताते हुए कहा कि जिन सब्जियों व फलों को ज्यादा दिनों तक रखना होता है उन्हें सोलर ड्रायर में सुखाने से उनके स्वाद और महक तथा उनकी पौष्टिकता में कोई कमी नहीं आती है। विद्यार्थियों ने भिन्न – भिन्न प्रश्न करके अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के माननीय प्रबन्धक संजीव शर्मा एवम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्र तथा अन्य विभागों के शिक्षक प्रोफेसर संजीव शुक्ला, प्रोफेसर नरेंद्र कुमार अवस्थी, प्रोफेसर डीके गुप्ता, प्रोफेसर गोविंद कृष्ण मिश्रा, डॉ. विजय शंकर, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. आनंद, डॉ. बैरिस्टर गुप्ता, डॉ. अभिषेक उपाध्याय, डॉ. सुभाष चंद्र, डॉ. अमृत गोंड तथा इसके अतिरिक्त वनस्पति विज्ञान विभाग के शिक्षिका रश्मि गुप्ता, डॉ. सोनी, डॉ. सारिका व विभाग के लैब असिस्टेंट सोमेंद्र सिंह एवं विनोद उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमिला पांडेय ने किया तथा संपूर्ण कार्यक्रम वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रभारी लल्लन प्रसाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## श्री राम एकेडमी, गौरभीट लखनऊ के छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन



रिद्धि कटियार, 94.5 प्रतिशत कक्षा 10



गुंजन सिंह, 88.25 प्रतिशत कक्षा 12

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – श्री राम एकेडमी, गौरभीट लखनऊ के छात्र एंव छात्रों ने हाई स्कूल और इंटरमीडिटेड की बोर्ड परीक्षा में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परचम लहराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्रवण कुमार मिश्रा और विद्यालय की प्रधानाचार्य शुभा मिश्रा ने सभी छात्रों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उनके श्रेष्ठतम प्रदर्शन की शुभकामनाए भी दी। विद्यालय में कक्षा 10 की रिद्धि ने 94.5 प्रतिशत, सुमित ने 90.5 प्रतिशत, शिवांशी ने 89.25 प्रतिशत, गायत्री ने 89 प्रतिशत तथा कक्षा 12 की गुंजन ने 88.25 प्रतिशत, स्वेता ने 87.25 प्रतिशत, ऋषिकेश और सलोनी ने ?6 प्रतिशत अंक हासिल करके अपने विद्यालय और माता पिता का नाम रोशन किया।

# आज के परिवेश मे आवश्यक है की हम अपनी संस्कृति से जुड़े रहें : सरवन बघेल

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आह्वान पर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महामहोत्सव के अवसर पर जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मनेजमेंट प्रेक्षागृह मे एक संगोष्ठी सभा आयोजित की गई। जिसमे बड़ी संख्या मे स्वयंसेवक , जैन समाज के अनेकों साधर्मी बंधु सहित अनेकों संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान महावीर स्वामी की प्रार्थना व कु सृष्टि जैन द्वारा मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष ई पवन कुमार जैन के साथ मुख्य वक्ता कौशल जी एवं मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डा देवेन्द्र कुमार अरोरा ने विशिष्ट अतिथि अरुण जैन, सरवन सिंह बघेल, विमल श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह, प्रो राजशरण शाही एवं सूर्य कुमार शुक्ल के साथ मे भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया । समिति द्वारा सभी उपस्थित अथितियों का प्रतीक चिन्ह , अंग वस्त्र भेंट कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता कौशल जी द्वारा भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत अहिंसा के संबंध मे व्याख्यान दिए । उन्होंने कहा कि प्राणी मात्र पर दया करना ही अहिंसा है।

करूणा दान ही सर्वश्रेष्ठ दान है। न्यायमूर्ति देवेन्द्र ने बताया की जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म आज से 2623 वर्ष पूर्व बिहार के कुंडलपुर गाँव मे हुआ था जो वर्तमान मे नालंदा जिले मे आता है। महावीर स्वामी ने विश्व को जिओ ओर जीने दो का सिद्धांत दिया। सरवन बघेल ने कहा की जैन समाज के साथआर एस एस का यह प्रयास बहुत ही धर्म प्रभावना को बढ़ाने वाला है। आज के परिवेश मे आवश्यक है की हम अपनी संस्कृति से जुड़े रहें। इसलिए समाज मे धर्म जागरण इस प्रकार के कार्यक्रमों से ही आएगा। सामाजिक सद्भाव एवं समरसता के लिए सनातन के विभिन्न समुदायों का एक साथ कार्यक्रम आयोजित होना नितांत आवश्यक है। अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन ने कहा कि जैन समाज अनेकान्तवाद का समर्थक है । श्री जैन ने आगे कहा कि भारत में रहने वाला कोई अपना सर नेम कुछ लगाता है कोई कुछ लगाता है हिन्दू कौन लगाता है जैसे किराना की दुकान में आप किराना माँगे तो आपको क्या मिलेगा आपको बताना होगा कि आपको नमक चाहिए चीनी चाहिए बताना होगा। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। इससे जैन समाज को बहुत संबल प्राप्त हुआ है। यह प्रथा अवसर है की जब जैन तीर्थंकर के जन्मकल्याणक को लखनऊ मे मनाने के लिए कोई संगठन आगे आया है । कार्यक्रम अध्यक्ष ई पवन कुमार जैन जी ने महावीर स्वामी का गुणानुवाद करते हुए कहा की जैन धर्म क्षत्रियों का धर्म है हमारे सभी तीर्थंकर ईक्षवाकू वंश मे उत्पन्न हुए हैं । अंत मे लखनऊ के विभाग कार्यवाह अमितेश जी एवं लखनऊ पूरब भाग से भाग कार्यवाह ज्योति प्रकाश ने उपस्थित सभी बंधुओं एवं मातृशक्ति का कार्यक्रम मे उपस्थित हो कर सफ्ल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाग संघ चालक अरविंद जैन,विभाग कार्यवाह अनिल प्रशांत भाटिया, भुवनेश्वर, पंकज, मनोज अनुरोध जैन अतिशय जैन आयुष जैन मनुदेव, अभिषेक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बलरामपुर चिकित्सालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**● पृथ्वी हमारी आजीविका का स्रोत है इसकी संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं- डॉ पवन कुमार**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता मो.जाहिद अख्तर**



लखनऊ – वर्ल्ड अर्थ डे हर वर्ष 22 अप्रैल को इस मकसद के साथ मनाया जाता है कि इस दिन लोगों को वातावरण और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूक किया जा सके। पृथ्वी सिर्फ मनुष्यों का ही नहीं, बल्कि करोड़ों जीव जंतुओं और वनस्पतियों का भी घर है, लेकिन मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पृथ्वी को कई तरह के नुकसान पहुंचा रहा है। जिसके चलते बाढ़, प्रदूषण, क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी कई समस्याएं देखने को मिल रही हैं। अगर इन समस्याओं पर ध्यान न दिया गया, तो आने वाले समय और कई ख़तरों की वजह बन सकता है। लोगों को पृथ्वी और प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक करने के मकसद से हर साल 22 अप्रैल को ''वर्ल्ड अर्थ डे'' मनाया जाता है। यह बातें लखनऊ स्थित बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ पवन कुमार ने कहीं। ''विश्व पृथ्वी दिवस'' के मौके पर बलरामपुर चिकित्सालय में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन ओ पी डी विभाग में किया गया। गोष्ठी का विषय था ''विश्व पृथ्वी दिवस''। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी की संरक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। गोष्ठी में विभिन्न विषय पर विशेषज्ञों तथा चिकित्सको ने अपने अनुभवों को साझा किया और पृथ्वी की संरक्षण के लिए विशेष उपायों पर विचार भी किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का विशेष आयोजन किया गया जिसमें बलरामपुर नर्सिंग कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगियों ने इस मौके पर अपने विखर भी साझा किये। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में आगे कहा कि ''पृथ्वी हमारी आजीविका का स्रोत है और हमें इसकी संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस गोष्ठी के माध्यम से हमने पर्यावरण संरक्षा के महत्व को समझाने का प्रयास किया है और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया है।'' इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ एनबी सिंह ने कहा कि ''हमें अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए हर संभव सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। पृथ्वी के संरक्षण में हमारा सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए।'' गोष्ठी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिमांशु चतुर्वेदी ने भी अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। पृथ्वी दिवस की शुरुआत कैसे हुई? पृथ्वी दिवस को मनाने का विचार पहली बार 1969 में यूनेस्को सम्मेलन में शांति कार्यकर्ता जॉन मैककोनेल द्वारा दिया गया था। शुरू में, इस दिन को मनाने का उद्देश्य पृथ्वी का सम्मान करना था। 22 अप्रैल, 1970 को सबसे पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका में पृथ्वी दिवस मनाया गया था। वर्ल्ड अर्थ डे 2024 की थीम हर वर्ष वर्ल्ड अर्थ डे को एक थीम के साथ मनाया जाता है। वर्ष 2024 में इसकी थीम है- ''प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक''। इस थीम का उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना और उसके ऑप्शन्स की तलाश पर ज़ोर देना है। पृथ्वी दिवस मनाने की वजह पृथ्वी दिवस पर लाखों लोग मिलकर प्रदूषण और उसको ख़तरा पहुंचाने वाली चीज़ों, वनों की कटाई जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। इस मौके पर विश्वभर में तरह-तरह के कार्यक्रमों की मदद से लोगों को पर्यावरण से होने वाले ख़तरों से बारे में बताया जाता है और उन्हें पृथ्वी को बचाने के प्रयासों के प्रति जागरूक किया जाता है।

## लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मदिरा के बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने पर जनपद में चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक सेक्टर-4 लखनऊ अरविंद पाल बघेल द्वारा मयस्टॉफ देर रात थाना विभूतिखंड की समिट बिल्डिंग में स्थित बारों तथा अन्य बारों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। बार तथा बार के स्टोर के मदिरा स्टॉक का रजिस्टरों से मिलान किया गया तथा रैंडम रूप से ग्राहकों की आयु को पहचान पत्र द्वारा वेरीफाई किया गया। जाँच में बारों को नियमानुसार संचालित पाया गया। सभी बार संचालकों को लाइसेंस शर्तों के अनुसार बार चलाने, केवल अनुमन्य शराब की बिक्री करने तथा समय सीमा का ख़ास ध्यान रखने की सख़्त हिदायत दी गई। आबकारी टीम में सेक्टर-4 के एक्साइज कांस्टेबल अब्दुल कलाम और कांस्टेबल सुनील गोंड शामिल रहे।

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन





**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 21 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4299 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,94,133 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,88,832 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7397 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7471 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 398 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2965 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 145 केन्द्रों को सीज किया गया। 21 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,824 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 147 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 146 कारतूस व 22 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 73 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 05 केन्द्रों को सीज किया गया।

## समाचार

### प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन में हटाये जा रहे पोस्टर, बैनर व अन्य प्रचार सामग्री

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,13,32,851 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 68,90,862 तथा निजी स्थानों से 44,41,989 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,49,378, पोस्टर के 32,04,555, बैनर के 19,47,169 एवं अन्य 9,89,760 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,95,841, पोस्टर के 20,37,104 बैनर के 10,91,799 एवं अन्य 7,17,245 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1272 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 87 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 93 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने अमीरुदौला पब्लिक लाइब्रेरी व राजाराम पार्क का किय औचक निरीक्षण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



मंडलायुक्त डा. रौशन जैकब ने अमीरुदौला एवं राजा राम पार्क (सीनियर सिटीजन पार्क) का औचक निरीक्षण किया इस अवसर पर उपाध्यक्ष एलडीए इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित स्मार्ट सिटी के संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संपूर्ण परिसर का जायजा लेते हुए उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क के समस्त सिविल कार्य व उपकरण लगने के कार्य पूर्ण हो गए हैं तो नियमित रूप से पार्क को संचालित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। सीनियर सिटीजन पार्क में लाइटिंग, बेचिंग,फाउंटेन,ओपेन जिम व हॉर्टिकल्चर के समस्त कार्य चाक-चौबंध पाई गई। उन्होने कहा कि सीनियर सिटीजन पार्क के दृष्टिगत पार्क में एक्टिविटी कार्यक्रम कराया जाये। अमीरूदौला लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था व शौचालय की नियमित साफ सफाई कराते रहे। लाइब्रेरी में बैठने के लिये गुणवत्ता पूर्वक फर्नीचर की व्यवस्था तत्काल कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त को संबंधित द्वारा अवगत कराया गया की लाइब्रेरी के पुस्तको की कैटलॉगिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है साथ ही मंडलायुक्त ने शेष कार्य मे लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी के कैंपस में बने कैफेटेरिया का संचालन करने व बगल में सीटिंग की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए।

### हटे पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ।** यूपी के सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया किआदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,13,32,851 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 68,90,862 तथा निजी स्थानों से 44,41,989 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,49,378, पोस्टर के 32,04,555, बैनर के 19,47,169 एवं अन्य 9,89,760 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,95,841, पोस्टर के 20,37,104 बैनर के 10,91,799 एवं अन्य 7,17,245 मामलों में कार्यवाही की गयी। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1272 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 87 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 93 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### वर्ल्ड अर्थ डेः प्लास्टिक भगायें, पृथ्वी बचायें

**लखनऊ।** आगा खाँ फाउण्डेशन, वाटर ऐड, एक्शन ऐड, सीएमएस, इरिगेशन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में आज अर्थ डे पर ष्प्लेनेट बनाम प्लास्टिकष् पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। लिनियज होटल गोमती नगर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएएस डॉ हीरालाल, अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा सहायक परियोजना और राज कुमार प्रबन्ध निदेशक स्वच्छ भारत मिशन , राजीव यादव अपर आयुक्त ग्रेटर शारदा, गीता गाँधी किंगडन प्रेसिडेन्ट सीएमएस, पदमश्री सुधा सिह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पदमध्श्री सुधा सिंह ने पानी की आवश्यकता पर बल देते हुये प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने का आवाहन किया।डॉ हीरा लाल अध्यक्ष एवं प्रशासक ने विभिन्न जिलों से आये हुये मीडिया कर्मियों से आवाहन किया कि प्लास्टिक के बारे में जागरूकता सबसे बड़ी जरूरत है। इस कार्य मे मीडिया सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जितना आक्सीजन लेता है उसको उतनी ऑक्सीजन वर्षभर में उसको उत्पन्न करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति जितना पानी का प्रयोग करता है उसको उतना वर्षा का जल रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का प्रयोग कर बचाना चाहिए।लोगों को बताना जरूरी हो गया है कि प्लास्टिक हमारे और हमारी पृथ्वी के लिए बहुत खतरनाक है। इस विषय में समाज में जागरूकता अत्यन्त आवश्यक है। तभी हम पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त कर सकते हैं।

# डब्ल्यूटीओ का मंत्रिस्तरीय सम्मेलन, खेती की वैश्विक फजीहत

अबूधाबी के नेशनल एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित तेरहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वार्ता मुकाम पर नहीं पहुंच सकी। सदस्य देश कृषि और मत्स्य पालन नियमों पर सहमत नहीं हो पाए। वार्ता में अड़चन हो सकती है, लेकिन इसकी गंभीरता से इन्कार नहीं किया जा सकता। जैसा कि वार्ता समाप्ति के एक दिन पूर्व, प्रेस मीटिंग में नाम न बताने की शर्त पर, एक यूरोपियन कमिश्नर ने बताया कि-बहुपक्षीय व्यापार की भावना खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकारें सिर्फअपने लिए ही काम कर रही हैं, एक-दूसरे के लिए समझौता करने में किसी की रुचि अब नहीं रही। ये वार्ताएं हर दो वर्ष में आयोजित होती हैं, जिनमें 166 देश भाग लेते हैं। अपने जन्म से ही डब्ल्यूटीओ मुसीबतों की जड़ रहा है, खासकर अमेरिका और पश्चिमी देशों के अत्यधिक दबाव में, लेकिन फिर भी इसका मूल-मंत्र यही रहा है कि व्यापार विकास को बढ़ावा देता है। डब्ल्यूटीओ द्वारा सबसे कम विकसित देशों तथा अन्य विकासशील देशों को विशिष्ट तथा अलग तरह से तरजीह देना सुनिश्चित किया जाता है, लेकिन इस सम्मेलन में एक नई सुधार प्रक्रिया प्रस्तावित की गई जो बेशक आगामी मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में भी जारी रहेगी। इसमें विकासशील देशों को दी जा रही खास तरजीह को गैर-वाजिब लाभ देना माना गया है। इस नए शब्दकोष में सुधार को समावेशी बताया जा रहा है, परंतु हकीकत में यह कमजोर देशों की कीमत पर आर्थिक रूप से ताकतवर शक्तियों को भारी लाभ पहुंचाने का जरिया है। डब्ल्यूटीओ में एकता परिषद की भागीदारी ओडब्ल्यूआईएनएफ्रस (अवर वर्ल्ड इज नॉट फॉर सेल, हमारी दुनिया बिकने के लिए नहीं है) की विस्तृत नीति के तहत थी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में कॉर्पोरेट वैश्वीकरण का वर्तमान मॉडल एक महत्वपूर्ण अंग है। इसी मॉडल से लड़ने के लिए वैश्विक स्तर पर संगठनों और सामाजिक आंदोलनों का एक समूह ओडब्ल्यूआईएनएफ्रस है। इसका लक्ष्य एक ऐसी बहुपक्षीय व्यापार व्यवस्था का विकास करना है, जो टिकाऊ, लोकतांत्रिक, उत्तरदायी तथा सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण हो। डब्ल्यूटीओ को प्रभावित लोगों के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए किसान संगठनों, मछुआरों तथा प्रकृति पर निर्भर अन्य समुदायों को एक साथ लाना ही ओडब्ल्यूआईएनएफ्रस की भूमिका है। भारत से संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तीन सदस्य भी सम्मेलन में शामिल हुए थे। एसकेएम एक गैर-राजनीतिक किसान संगठन है, जो दिल्ली की सीमाओं पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर अपना संघर्ष जारी रखे था। डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक एन्गोजी ओकोंजो-इवेला ने दो स्वतंत्र सलाहकार निकाय नियुक्त किए थे-पहले में दस सिविल सोसाइटी संगठन शामिल थे, जबकि दूसरा एक व्यापार मंच था। डब्ल्यूटीओ से विभिन्न मुद्दों पर सलाह मशविरा करने के लिए जून, 2023 में सलाहकार समूह स्थापित किया गया था। इसके प्रतिनिधि मुख्यतरू उपभोक्ता संगठनों, पर्यावरण समूहों एवं ट्रेड यूनियनों के कार्यकर्ता थे। जाहिर है, प्रभावित समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले ओडब्ल्यूआईएनएफ्रस के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना आवश्यक था। अंतिम दिन डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक ने गैर-सरकारी संगठनों से मुलाकात की। लघु कृषि भूमि मालिकों तथा भूमिहीन श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सामाजिक संगठन की हैसियत से एकता परिषद भी इस मुलाकात में शामिल हुई। अबूधाबी सम्मेलन के दौरान डब्ल्यूटीओ के महानिदेशक ने सिविल सोसाइटी संगठनों की मीडिया अथवा सदस्य राष्ट्रों से संवाद को प्राथमिकता नहीं दी। पूर्व के मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में ऐसा नहीं होता था। महानिदेशक की ओर से सहयोग न मिलने का नतीजा यह हुआ कि सिविल सोसाइटी संगठन अपने पर्चे नहीं बांट पाए, उनके घोषणा-पत्र जब्त कर लिए गए और उन्हें अपनी सामग्री बांटने व फोटो लेने से रोक दिया गया। कुछ सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें मीडिया के समक्ष अपना पक्ष रखने पर दंडात्मक कार्रवाई की धमकियां तक दीं, जबकि पूर्व के सभी सम्मेलनों में यह आम बात थी। अंतिम दिन महानिदेशक ने सिविल सोसाइटी संगठनों को संबोधित किया और जिसमें उन्होंने खुलकर अपने विचार सामने रखे। डब्ल्यूटीओ के इस सम्मेलन में सबसे उग्र बहस कृषि मुद्दों पर हुई। कई देश, विशेषकर खाद्य उत्पादों के आयातक ब्राजील जैसे देश इस बात के पक्ष में थे कि खाद्य उत्पादों के व्यापार में अधिक उदारता लाई जाए। खाद्य सामग्री की कमी से जूझ रहे कई देशों के लिए यह बेहद कठिन है क्योंकि वे सस्ती खाद्य सामग्री, खासकर अनाज के आयात पर निर्भर नहीं रहना चाहते। यह कई सालों से तीखी बहस का मुद्दा रहा है, यहां तक कि इससे एक बहुपक्षीय निकाय के रूप में डब्ल्यूटीओ के अस्तित्व पर ही संकट के बादल छा गए थे। वर्ष 2008 में वार्ताओं में आया यह व्यवधान बाद में एक अंतरिम समझौते च्पीस क्लॉजज्ज् से सुलझा, जिसे 2013 के बाली मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में पारित किया गया था। कृषि उत्पादों का व्यापार हमेशा से ही विवादास्पद रहा है क्योंकि यह खाद्य सामग्री के निर्यात पर दिए गए प्रोत्साहन को, विशेषकर विकासशील देशों के वंचित समुदायों, खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं के विरुद्ध खड़ा कर देता है। हालांकि, पहले दोहा विकास कार्य सूची (2001) और फिर 2013 के च्पीस क्लॉजज्ज् के जरिए भारत जैसे देशों की खाद्य सुरक्षा पर बात करने के प्रयास किए गए, किंतु कोई हल नहीं निकल पाया। पीस क्लॉज 2013 में कुछ छूट दी गई है, लेकिन यह इतना अस्पष्ट है और इसमें दी गई शर्तें इतनी ज्यादा है कि जुर्माने के डर से कोई इसका प्रयोग नहीं करता। नए समझौते न हो पाने से यथास्थिति बरकरार रहना एक तरह से भारत और अन्य देशों की जीत ही माना जा सकता है। यथास्थिति कायम रहने का अर्थ यह है कि अंतरिम पीस क्लॉज बना रहेगा तथा भारत में सब्सिडी के लिए जरूरी सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग भी जारी रहेगी। अब शडब्ल्यूटीओश् के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह आगे की चर्चाओं के लिए अवसर उपलब्ध कराए। इस समस्या को देर तक अधर में लटकाना ठीक नहीं होगा। हालांकि, फिर भी यह साफनहीं हो पाया कि आगामी चर्चाओं में इस खाई को कैसे पाटा जा सकेगा। अपने विशाल आकार के कारण भारत की यह मजबूरी रही है कि वह उदारीकरण की नीतियों के विरुद्ध खड़ा हो। कृषि तथा विस्तृत सुधारों पर कोई सहमति न बन पाने पर यूरोपियन व्यापार आयुक्त व्लॉडिस डोम्ब्रोवस्की ने निराशा जताई। उन्होंने भारत को इसमें अड़चन डालने के लिए जिम्मेदार ठहराया। कई देशों ने दावा किया कि भारत ने नीति सुधारों में रोड़ा अटकाने का काम किया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन से वाकिफथा। घरेलू परिस्थितियों और अबूधाबी के दबाव में उनका पूरा जोर इस बात पर था कि डब्ल्यूटीओ की कार्रवाई अमीर देशों के पक्ष में न होने पाए। भारत के व्यापार और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा भी कि शहम जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अबूधाबी आए थे, उन्हें हमने काफी हद तक हासिल कर लिया है और हम पूर्ण संतुष्ट होकर घर जा रहे हैं। हमारी सबसे बड़ी फिक्र अपने किसानों और मछुआरों के हितों की रक्षा करना है। हम यह काम शिद्दत से कर रहे हैं क्योंकि यह हमारे लिए अहम मुद्दा है। डब्ल्यूटीओ के अबूधाबी सम्मेलन के दौरान भारत और यूरोप में किसान आंदोलन चल रहे थे, अतरू यह माना गया कि सम्मेलन के निर्णय इन आंदोलनों के प्रकाश में लिए गए। भारत में किसान आंदोलनकारियों ने डब्ल्यूटीओ छोड़ने के भी नारे लगाए। किसान संगठनों के नेता बीजू के. ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि खाद्य श्रृंखला का निगमीकरण (कॉरपोरेटाइजेशन) हो गया है। बड़ी-बड़ी निजी कॉरपोरेट कंपनियों ने उत्पादन और वितरण के हर कदम पर कब्जा कर लिया है। जिस समय भारत के किसान दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे थे, उसी समय जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम, स्पेन और ग्रीस के किसान भी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। सामान्यतरू भौगोलिक परिस्थितियों, सरकारी नीतियों और प्राथमिकताओं में अंतर की वजह से सभी देशों में विरोध प्रदर्शन होते हैं और उनका कोई अंतर्संबंध नहीं होता है, लेकिन इस बार स्थिति कुछ और ही है। ऐसा लग रहा है आमदनी में घटती सहायता, बढ़ती खाद्य असुरक्षा, दिनों-दिन बढ़ते कर्ज और गरीबी ने सारी दुनिया के छोटे और मध्यम किसानों को एक ही मुकाम पर ला दिया है। ये निर्णय भारत में कृषि क्षेत्र के लिए गंभीर दुष्परिणाम ला सकते हैं। एमएसपी के लिए किसान संगठनों की मांग को डब्ल्यूटीओ एक गैरवाजिब सब्सिडी के रूप में देख सकता था। भारत सरकार के लिए यह बड़े असमंजस की स्थिति है। एक तरफतो वह कृषि उत्पादों के आयात-निर्यात के जटिल संबंधों पर किसानों से खुलकर समझौता नहीं कर पा रही है, दूसरी तरफखाद्य सुरक्षा कायम रखने के लिए अनाज व अन्य उत्पादों की सरकारी खरीद नहीं कर पा रही है।

## संपादकीय

### 'खामोश चुनाव' के मायने

आम चुनाव, 2024 के प्रथम चरण का मतदान कई मायनों में अप्रत्याशित रहा है। कुल मतदान शनिवार की रात्रि 11 बजे तक करीब 65.5 फीसदी रहा। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले। उप्र और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं। पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले। यह चुनाव के प्रति उदासीनता है या मतदाताओं को चुनाव दिशाहीन, अर्थहीन लगते हैं? यह सोच लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ भी है। जितना मतदान किया गया है, वह न तो सरकार के खिलाफ माना जा सकता है और न ही विपक्ष को चुनने के प्रति उत्साही और उत्सुक लगता है। किसी भी तरफ 'लहर' महसूस नहीं हुई। ऐसा लगता है मानो औसत मतदाता ने यह धारणा बना ली है कि मोदी को ही आना है! यह सोच कर ही मतदाता पोलिंग स्टेशन से तटस्थ रहा है। कुछ मुस्लिम बहुल इलाकों की खबरें सामने आई हैं कि उन्होंने भी मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है, लिहाजा कोई भी ध्रुवीकरण दिखाई नहीं दिया। हमने मतदान के इस चरण को 'खामोश और भ्रमित चुनाव' माना है। कुछ जगह की खबरें हैं कि भाजपा के जिन कार्यकर्ताओं और नेताओं पर मतदान कराने और चुनावी जीत तय कराने की जिम्मेदारी थी, वे आराम से पंचतारा होटल में खाना खाते रहे। यदि ऐसा है, तो प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और उनके आह्वान दांव पर लगते हैं। इस चरण से पहले 38 फीसदी पात्र युवाओं ने ही निर्वाचन आयोग में अपना पंजीकरण कराया।

### पालमपुर शहर की चीखें

नंगे दराट पर खून की धार जिस सार्वजनिक स्थान पर फूटी, वहां समाज, संस्कृति, शासन-प्रशासन और कानून व्यवस्था की नंगई सामने आ गई। पालमपुर शहर की चीखें उस वक्त शिमला तक जरूर पहुंची होंगी, जब असहाय बेटी एक दरिंदे के सामने जान बचाने की कोशिश कर रही थी। कोशिश तो धीरा के गांव में उस औरत ने भी की होगी, जिसकी एक दिन पहले गला रेत कर हत्या कर दी थी। हैरानी यह कि पालमपुर बस स्टैंड जैसी व्यस्त जगह में भी अपराध की टोह में एक बेटी पर घातक प्रहार इसलिए हो गए, क्योंकि कानून व्यवस्था कानों में रुई और आंखों पर काली पट्टी बांध कर अमन-चैन की सूचना देने में मशगूल है। इसी पालमपुर के व्यवसायी ने पुलिस महकमे के शिखर से हर स्रोत तक की शिकायत जब की थी, तो यह एक बुरा अनुभव मान कर औपचारिक कार्रवाई बन गई। मामला डीजीपी और एसपी की ट्रांसफरों तक सिमट कर अदालती हो गया, जबकि अंधी आंखों को भी ऐसे साक्ष्य मिल रहे हैं कि पुलिस व्यवस्था की तासीर में अब खोट उभर रहा है या अब ढर्रा बदलना पड़ेगा। अपराध निरंकुश व बहरूपिया बन कर खतरे बढ़ा रहा है, लेकिन हम राजनीतिक राजाओं और आकाओं की खिदमत में भूल गए कि कानून की असली चुनौतियां हैं कहां। कहीं कांग्रेस छोड़ चुके पूर्व विधायकों को केंद्रीय सुरक्षा बलों के पहरे मिल रहे हैं, तो कहीं सरकार के ओहदेदारों की प्रदेश पुलिस हिफाजत में लगी है। होती होगी पुलिस अलर्ट जब सत्ता के काफिलों में कलगियों की रक्षा की जाती है या सारा अमला जब बैठकें करता होगा, तो कानून के हर पहलू को जगाया जाता होगा, वरना टोटे-टोटे लाशें और सूटा-सूटा नशा हमारे परिवेश में खतरे की घंटियां बजा रहा है। राजधानी शिमला तक चिट्टे की सप्लाई अगर कूरियर से हो रही है, तो इस नेटवर्क की किलेबंदी में न जाने कितने कसूरवार हैं और तब हम अपनी युवा पीढ़ी को बचाएंगे कैसे।

# रांची से इंडिया का बड़ा संदेश

बीते शुक्रवार 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान और आने वाले शुक्रवार 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के बीच इंडिया गठबंधन की एक और महारैली ने चुनाव को और रोचक बना दिया है। गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी अब तक एनडीए की 4 सौ पार सीटों की जीत का दावा ही कर रहे थे, लेकिन अब वे राहुल गांधी की वायनाड से हार का दावा भी करने लगे है। लेकिन इसके बावजूद जिस तरह से नरेन्द्र मोदी चुनिंदा पत्रकारों और मीडिया घरानों को साक्षात्कार दे रहे हैं, और उन्हीं घिसे-पिटे सवालों के रटे-रटाए जवाब दिए जा रहे हैं, उन्हें देखकर लगता नहीं कि वे भाजपा की मजबूती को लेकर आश्वस्त हैं। बल्कि अब कर्नाटक में श्री मोदी ने यह दावा भी कर दिया कि देश के बड़े और ताकतवर लोग विदेशियों से हाथ मिलाकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहे हैं। जाहिर है इस तरह का दावा जनता की सहानुभूति बटोरने के लिए किया जा रहा है। हालांकि जनता अब नरेन्द्र मोदी के निरंतर विलाप को कितना सुनेगी, ये कहा नहीं जा सकता। बहरहाल, चिलचिलाती धूप में रांची के ऐतिहासिक प्रभाततारा मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली रविवार को हुई। भले ही यह रैली झारखंड मुक्ति मोर्चा की विशाल रैली चाहे वहां के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार कर जेल में डाले जाने के खिलाफ आयोजित की गई हो, परन्तु जिस प्रकार से विपक्षी दलों के तमाम नेता जुटे और जैसी उन्होंने हुंकारें भरीं, उसने न केवल विपक्षी एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन किया बल्कि देश भर में साफसंदेश गया है कि संयुक्त प्रतिपक्षी गठबन्धन यानी शइंडियाश् डरेगा तो नहीं। छह चरणों का मतदान शेष रहते श्झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रूकेगा नहींश् के नारे के साथ हुई इस रैली को श्उलगुलानश् कहा गया जिसका स्थानीय भाषा में अर्थ होता है क्रांति। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता- पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में हुई इस विशाल रैली ने यह भी संदेश दे दिया कि तोड़ने के लिये भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिस प्रकार से विपक्षी नेताओं को जांच एजेंसियों के जरिये तंग कर रही है और उन्हें जेल भेज रही है, उसका अब कोई असर नहीं होने जा रहा। इसके विपरीत इंडिया न सिर्फअटूट है वरन पूरी शक्ति के साथ भाजपा प्रणीत केन्द्र सरकार के खिलाफमैदान में डटा हुआ है। इस रैली में गठबन्धन में शामिल लगभग सभी दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए। जिन नेताओं का आना सम्भव नहीं हुआ, उनके प्रतिनिधि मौजूद थे और सभी ने न केवल एकजुटता दिखलाई वरन मोदी सरकार को इस चुनाव में हराने का संकल्प भी जतलाया। इस मंच के जरिये इंडिया गठबन्धन के सभी नेताओं ने देश की राजनैतिक, आर्थिक व सामाजिक परिस्थितियों का वर्णन करते हुए उन मुद्दों को उठाया जो इंडिया गठबन्धन के भागीदार दल देश भर में उठा रहे हैं। लगभग सभी नेताओं ने अपने भाषणों में मोदी सरकार की इस बात के लिये कड़ी आलोचना की कि वह पिछले 10 वर्षों से विपक्षी दलों को तोड़ने के लिये जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। अलग-अलग नेताओं ने विभिन्न सन्दर्भों के जरिये बतलाया कि लोकसभा का यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। यदि इस बार मोदी सरकार आई तो कुछ भी नहीं बचेगा। विभिन्न वक्ताओं द्वारा जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशासन और लोकतंत्र को खत्म करने की साजिशें बेनकाब की गईं उसने इंडिया की वही बात आगे बढ़ाई जो वह अब तक विभिन्न मंचों से कह रहा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा ने केवल महंगाई व गरीबी बढ़ाने का काम किया है और जुमलेबाजी की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, बिहार झारखंड में 134 सीटें हैं। इंडिया के घटक दल यदि मिलकर लड़ें तो भाजपा पराजित हो जायेगी। पंजाब के सीएम भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह संविधान व लोकतंत्र को बचाने की रैली है।

उन्होंने कहा कि शहेमंत सोरेन व जेल में ही बन्द दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम से मंच पर रखी खाली कुर्सियां भाजपा की कुर्सियां खाली करा देंगी।श् उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले दौर में जिन 102 सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें 80 से 90 सीटें इंडिया को मिलने जा रही हैं। इसके कारण भाजपा डरी हुई है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री तथा समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि भाजपा घबराई हुई है और वह हार चुकी है तभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के पास कहने को कुछ नहीं है इसलिये वह बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अगली बार आई तो लोगों का वोट डालने का अधिकार भी चला जायेगा। रैली के जरिये नेताओं ने लोगों को बतलाया कि अगर मोदी सरकार तीसरी बार आई तो दलितों-वंचितों के अधिकार समाप्त हो जायेंगे क्योंकि भाजपा के कई नेता साफकर चुके हैं कि पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला तो संविधान को बदल दिया जायेगा। भाजपा के अनंत हेगड़े, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा, अरूण गोविल आदि इसे जाहिर कर चुके हैं। भ्रष्टाचार के मसले पर भी सभी वक्ताओं ने भाजपा तथा उसकी केन्द्र सरकार की पूरी तरह से पोल खोल दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से भ्रष्टाचार का शोर मचाकर झूठे आरोपों में विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा सरकार जेलों में डाल रही तो वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों को भाजपा में शामिल कर रही है और उन्हें ऊंचे पदों पर बैठा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने भरपूर चंदा वसूला। इलेक्टोरल बॉड्स की बात बाहर आने से भाजपा और घबराई हुई है। माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद भाजपा का बस चलता तो इसका नाम झारखंड नहीं वनांचल होता। उन्होंने ध्यान दिलाया कि जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ने वालों को मार डाला गया। कई लोगों को मानवाधिकारों की बातें करने वालों को जेल में ठूंसा गया है। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने आप व इंडिया के जरिये जनसामान्य के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन करने और उन्हें गुणवत्तायुक्त नागरिक सुविधाएं देने का वादा किया। कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन का जेल से भेजा गया पत्र पढ़कर सुनाया जिसमें उन्होंने लिखा कि झारखंड के संसाधनों पर कब्जा करने के लिये उन्हें जेल में डाला गया है। उन्होंने यह भी लिखा कि आदिवासियों के अधिकारों को मोदी सरकार छीन रही है। उन्होंने भाजपा सरकार की सोच आदिवासियों, दलितों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों आदि के खिलाफबतलाई। झारखंड और केन्द्र से भाजपा को खदेड़ने की बात भी हेमंत सोरेन ने अपने पत्र में कही। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष व जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम चंपई सोरेन आदि ने लोगों का सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया।

# शिक्षा ही मुसलमानों का भविष्य बनाएगी

51 मुस्लिम स्टूडेंट का यूपीएससी में चयन कई तरीके से देखा जा रहा है। मुसलमान इस समय सबके निशाने पर हैं और समस्या यह है कि उसे संभालने वाला दिशा देने वाला कोई नहीं है। राजनीतिक नेतृत्व है नहीं। सामाजिक कभी रहा नहीं। और धार्मिक उसे पीछे की तरफखींचने वाला है। ऐसे में यही इन छात्रों का अपनी व्यक्तिगत मेहनत, परिवार के सपोर्ट से आगे निकलना दिशा दिखलाता है। हर समाज की अपनी समस्याएं हैं अंदरूनी। और उनसे लड़ना उसका अपना काम है। भारत में बाकी लोगों ने काफी हद तक सफलता पाई है। खासतौर से दलित ओबीसी ने। मगर मुसलमान की खुद अपनी कमियों से लड़ाई शुरु हो ही नहीं पाई है। शिक्षा, आधुनिक शिक्षा ही वह एक मात्र तरीका है जिससे वह आगे बढ़ सकता है। आज हालत क्या है शिक्षा की? बहुत ही खराब। प्राथमिक स्कूल जो एजुकेशन की पहली सीढ़ी है। वहां 10 प्रतिशत मुस्लिम बच्चे पहुंच ही नहीं पाते। मतलब कभी गए ही नहीं। यह आयु वर्ग 6 से 14 साल के बच्चों का है। इसमें जो स्कूल गए उनमें से 15 प्रतिशत की प्राथमिक स्कूल से ही शिक्षा छूट जाती है। कुल आंकड़ा ऐसे आता है कि 25 प्रतिशत 6 से 14 साल की उम्र वाले मुस्लिम बच्चे या तो कभी स्कूल गए नहीं हैं या 14 साल की उम्र तक स्कूल से बाहर हो गए हैं। समझने के लिए बता दें कि एससी एसटी समुदाय में यह आंकड़ा केवल 6 प्रतिशत है। 2006 में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का यही अंश सबसे ज्यादा प्रचारित हुआ था कि मुसलमानों की हालत दलितों से बदतर है। दरअसल सच्चर कमेटी की रिपोर्ट एक बड़ी चेतावनी थी मुस्लिम समुदाय के लिए मगर वह अनसुनी रह गई। बात आगे ले जाने से पहले यहां यह और बता दें कि उपर दिए आंकड़े सच्चर कमेटी के बाद के हैं। यह रिपोर्ट 2023 के अंत में आई है। यह नेशनल यूनिवर्सिटी आफएजुकेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट है। जिसे शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग के प्रो अरुण मेहता ने तैयार और विश्लेषित किया है। बहुत ही चिंताजनक है यह रिपोर्ट। आकंड़ों के द्वारा समझना थोड़ा मुश्किल होता है। मगर वही सही तस्वीर बताते हैं। रिपोर्ट बताती है कि कक्षा 6 से 8 तक देश भर में 6. 67 करोड़ छात्र होते हैं। यहां मुस्लिम छात्रों का प्रतिशत 14.42 होता है। अब देखिए इसके बाद गिरावट आना शुरू होती है। माध्यमिक स्तर पर कक्षा 9-10 में मुस्लिम छात्रों का प्रतिशत कम होता है। और यह 12. 62 रह जाता है। कक्षा 11-12 जिसे उच्च माध्यमिक स्तर कहते हैं यह और गिरकर 10.76 प्रतिशत रह जाता है। मतलब कुल पढ़ने वालों में मुस्लिम बच्चे 10. 76 प्रतिशत ही होते हैं। और विश्वविध्यालयों में केवल 4.9 प्रतिशत ही पहुंचते हैं। आबादी मुसलमानों की देश में 15 प्रतिशत के करीब है। और उच्च शिक्षा में पहुंच रहे हैं केवल 4.9 प्रतिशत। और नौकरियों में जाते-जाते तो प्रतिशत बहुत ही कम रह जाता है। बात यूपीएससी से शुरू की थी तो उसी का आंकड़ा बताते हैं कि आईएएस केवल तीन प्रतिशत हैं। आईपीएस चार फीसदी और विदेश सेवा में केवल 1.8 प्रतिशत। तो इससे आप समझ सकते हैं कि इस साल सफल यूपीएससी उम्मीदवारों में जब 51 मुस्लिम लड़के और लड़कियों के नाम आए तो यह बड़ी खबर क्यों बनी। यूपीएससी में लगातार मुस्लिम उम्मीदवारों का चयन कम होता जा रहा था। और जब थोड़ी सी इसमें वृद्धि हुई तो बहुत ही शत्रुतापूर्ण मानसिकता के साथ इसे आईएएस जिहाद कहा गया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था। एक टीवी चौनल ने गलत आंकड़ों पर आंकड़े देकर बताया था कि सरकार ने मुसलमानों को फायदा पहुंचाया। यहां तक झूठ कहा गया कि मुसलमानों को आयु में छूट है। उन्हें ज्यादा बार परीक्षा देने दी जा रही है। उनके कट आफमार्क्स कम हैं। और यहां तक कि मुसलमानों के लिए फ्री कोचिंग सेंटर है। यह सारे आरोप झूठे थे। और झूठे साबित हुए। मगर उद्देश्य तो माहौल बनाना था। हिन्दु-मुसलमान करना था। और यह किया गया। 2020 में 42 मुस्लिम उम्मीदवार चुने गए थे। यह संख्या कोई ज्यादा नहीं थी। कुल चयनित लोगों में से 5 प्रतिशत से कम। मगर 2018 में केवल 28 ही चुनकर आए थे। तो इसे अचानक बढ़ी हुई बता दिया गया। जबकि इस बीच 2017 में 52 और 2016 में 55 थी। मगर वह आंकड़े न बताकर सीधे 2018 के 28 और 2020 में 42 क्यों कैसे के टीवी पर प्रोग्राम पर प्रोग्राम दिखाना शुरू कर दिए। सारे कारण गलत बताए गए थे। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया। आईपीएस एसोसिएशन ने इसे सांप्रदायिक और गैरजिम्मेदाराना पत्रकारिता कहा। खैर वह तो सारे आरोप कहानियां झूठे थे। मगर यहां एक बात फ्री कोचिंग की। इस फ्री कोचिंग ने इस बार भी 31 उम्मीदवारों को यूपीएससी क्लियर करवाया है। मगर इसमें हिन्दू-मुसलमान दोनों हैं। हर साल यही होता है। यह है जामिया मीलिया इस्लामिया में। रेजिडेंशल कोचिंग अकादमी (आरसीए)। अभी तक 300 से ज्यादा स्टूडेंट यहां रहकर तैयारी करके यूपीएससी क्लीयर कर चुके हैं। हर धर्म के, हर जाति के। मुसलमान की लड़ाई थोड़ी मुश्किल है। कुछ अपने कारणों से कुछ सांप्रदायिक राजनीति के कारण से। 2014 के बाद से उन्हें दूसरे दर्जे का नागिरक बनाने की कोशिशों में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। अब तो उदाहरण देने की भी जरूरत नहीं। इतनी लंबी लिस्ट होगी कि किताब बन जाए। प्रमुख में यही कहा जा सकता है कि जब प्रधानमंत्री श्मशान और कब्रिस्तान की तुलना करें। होली, दीवाली और रमजान में फर्क बताएं। मंदिर के नाम पर वोट मांगे जाएं। और मोदी योगी का नाम लेकर ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात पुलिस वाला मुसलमानों की हत्या करे और दूसरी तरफलोकसभा के भाजपा उम्मीदवार पूर्व केन्द्रीय मंत्री भी महेश शर्मा भी मोदी योगी का नाम लेकर सबको बाप की गाली दे तो समझ सकते हैं कि हालत कितनी खराब कर दी गई है। लेकिन उसका फैसला चुनाव करेगा जो चल रहा है कि जनता क्या चाहती है। जनता जाहिर है कि जिसमें बहुसंख्यक हिन्दू हैं ज्यादा परेशान हैं। उनके युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही। मिल तो मुसलमान युवा को भी नहीं रही। मगर नौकरी में उसका प्रतिशत पहले से ही बहुत कम था। लेकिन अपनी तरक्की की जिम्मेदारी खुद मुस्लिम समुदाय पर भी है। जैसा की शुरू में लिखा कि यूपीएससी में 51 मुस्लिम स्टूडेंट अपनी मेहनत और लगन से आए हैं। साथ में परिवार का सपोर्ट था। उसी को आगे बढ़ना होगा। शिक्षा, शिक्षा और आधुनिक शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है। अभी जामिया का जिक्र किया। उससे बहुत पहले 1875 में 150 साल पहले सर सैयद ने मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कालेज की स्थापना की थी। वही बाद में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी बना। अब उस पर भी सवाल है।

## आज का राशिफल

**मेष**:- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**बृषभ**:- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन**:- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क**:- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह**:- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या**:- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुला**:- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक**:- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु**:- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर**:- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ**:- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन**:- किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

## सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का: जया सिंह



**सुलतानपुर।** रुद्र नारी उत्थान सेवा समिति के जिला प्रभारी गुलफूल बेगम ने मुस्लिम समाज के साथ बैठक की! बांगरमऊ पहुंचने पर जिला प्रभारी जया सिंह का भव्य स्वागत किया गया ! बैठक के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए जया सिंह ने कहा कि हम सभी बहनें एक साथ हैं, हमारे लिए सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का है, गांव में सभी लोग बहुत खुश हुए और संस्था में जुड़े अध्यक्ष दीदी ने कहा कि प्रभारी ने कार्यक्रम की बहुत अच्छी पहल की है,हमारा संगठन एक जुट होकर एक दूसरे के सुख-दुख में साथ रहेगा! हम सभी एक हैं!प्रवक्ता अब्दुल्ला खान,रेशमा शेख ने बताया कार्यक्रम में विंदू वर्मा, रेहाना , रुस्तम भैया, कामिल आदि लोग मौजूद रहे!

# वायनाड चुनाव के बाद गांधी परिवार आयेगा अमेठी: स्मृति ईरानी

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में लगातार डटी हुई है।स्मृति ईरानी ने रविवार को एक जन सभा में वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर जम कर निशाना साधा ।स्मृति ईरानी ने कहा कि रंग बदलते हुए आप लोगों ने देखा होगा।यहां तो राहुल गांधी ने परिवार ही बदल दिया। राहुल गांधी ने वायनाड में कहा था कि वायानाड मेरा परिवार है।26 अप्रैल को वायानाड में चुनाव के बाद गांधी परिवार का काफिला अमेठी आएगा।केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के रणवीर नगर गांव में शिव मंदिर के पास आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हुई।वहां स्मृति ईरानी ने लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर हमला बोला।स्मृति ईरानी ने कहा जो राम का नही वह किसी के काम का नही। स्मृति ने आगे कहा कि 26 अप्रैल के बाद राहुल गांधी मिर्च मसाला लगाने अमेठी पहुचेंगे। राहुल गांधी ने भगवान राम का प्रसाद ठुकराया, जो राम का नही वह किसी काम का नही। उन्होंने कहा कि यह सब जानते है कि 26 अप्रैल को वायनाड का चुनाव हो जाएगा तब राहुल गांधी का काफिला अमेठी आयेगा। स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि अमेठी से हमारा दस साल का रिश्ता है। हम एक दूसरे साथ सुख दुख में बैठते है ।यह रिश्ता अमेठी के लोगो से आज भी कायम है। राहुल गांधी का रिश्ता अमेठी से 15 साल का रहा जब वह वायनाड गए तब उन्होने अमेठी से रिश्ता तोड़ दिया,उन्होंने यह साबित कर दिया कि वायनाड ही उनका परिवार है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने केंद्र सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाई उन्होंने वहां मौजूद लोगों से आवाहन किया कि आने वाली 20 मई को कमल के फूल का बटन दबाओ बदले में मुफ्त में मकान और राशन पाओ। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आपके बारे में सोचते हैं और आपके लिए काम कर रहे हैं इस दौरान उन्होंने अमेठी में हुए विकास कार्यों का हवाला देते हुए अपने पक्ष में जन समर्थन जताने की अपील किया।इसके पूर्व स्मृति ईरानी ने भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक को जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में संबोधित किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भाजपा का विशाल वट वृक्ष के रूप में विस्तार हमारे करोड़ों कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ताओं के परिश्रम और त्याग के कारण ही संभव हुआ है।उक्त अवसर पर प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शंकर गिरी, लोकसभा संयोजक दया शंकर यादव , विधायक सलोन अशोक कोरी , पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर पांडेय , पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, काशी क्षेत्र किसान मोर्चा अध्यक्ष काशी तिवारी , पूर्व विधायक तेजभान सिंह , जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं पूर्वांचल बोर्ड सदस्य विजय विक्रम सिंह मौजूद रहे।



## अज्ञात कारणों से गेंहू के खेत में लगी आग दो बीघे गेहूं की फसल जलकर हुई राख



**पारी, रायबरेली।** विकासखंड सलोन के ग्राम पंचायत पारी में अज्ञात कारणों से गेंहू के खेत में आग लग गई आग लग जाने से लगभग दो बीघा गेहूं की फसल के साथ गेहूं का बोझ जलकर राख हो गया। वहीं सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के जवानों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे कानून गो वीरेंद्र त्रिवेदी व हल्का लेखपाल आलोक सिंह चौहान ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया और शीघ्र सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

## बाबा रामदास इण्टर मीडिएट कालेज मधुकरपुर के छात्रो ने मारी बाजी विद्यालय में खुशी




**परसदेपुर, रायबरेली।** शहर के विद्यालय से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालय किसी मायने में कम नहीं है लगातार ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय के छात्रों ने अच्छे मास्क लाकर यह साबित किया की होनहार बच्चो के लिए शहर और ग्रामीण विद्यालय में कोई फर्क नहीं है इसी तरह एक दम देहात में खुले बिद्यालय के छात्रों ने परिवार व बिद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतापगढ़ के बार्डर पर स्थित बाबा राम दास इण्टर मीडिएट कालेज मधुकरपुर के कक्षा 10 के छात्रा प्रियंका गुप्ता ने 89 प्रतिशत व इण्टर के छात्र अनुराग सिंह ने 88.5 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता व स्कूल का गौरव बढ़ाया है। प्रबन्ध तन्त्र व बिद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के सह प्रबंधक दिलीप कुमार यादव व प्रधानाचार्य सुधीर कुमार मौर्य ने संयुक्त रूप से बताया कि यहां उनके अध्यापकों को कठिन परिश्रम करना पड़ता है।

देहाती क्षेत्र होने के नाते बच्चों को बहुत कुछ संवारना पड़ता है। ज्यादा तर अभिभावक पढ़ें लिखे नहीं होते हैं वे बच्चों को रेगुलर स्कूल भेजने के बजाय अपने निजी कार्य में लगा लेते हैं।लेकिन जो पढ़ने वाले बच्चे होते है उनके लिए कोई दिक्कत नही होती है वो अवश्य कामयाबी हासिल करते है।

## संत इंटर मीडिएट कालेज की इंटर की छात्रा का जिले में छठा स्थान

**प्रबंधक संजय यादव ने खुशी जाहिर किया**



**डीह, रायबरेली।** ब्लाक के संत इन्टर कालेज किसुनपुर डीह की इंटर मीडिएट की छात्रा खुशबू पटेल ने जनपद में छटवां स्थान लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है विद्यालय के प्रबंधक संजय यादव और प्रधानाचार्य महेश यादव ने मेधावी छात्रा को माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर सम्मानित किया छात्रा ने इसका श्रेय परिजनों और गुरूजनो को दिया है छात्रा ने बताया की पढ़कर वो डाक्टर बनने का सपना है छात्रा के पिता वीरेंद्र कुमार नौकरी करते हैं और मां सुमन ग्रहणी है छात्रा के दो भाई अभिनंनजय और धन्नजय और बहन खुशी पटेल है प्रबंधक संजय यादव और प्रधानाचार्य महेश यादव ने बताया कि जिस तरह हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले और प्रदेश में छात्र छात्राओं ने नाम रोशन किया है वह सराहनीय है इस वर्ष में भी बच्चों को अलग से क्लासेज चलाकर तैयार किया जायेगा जिससे स्टेट लेवल में बच्चे नाम रोशन कर सके।

## बाईकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत: दो घायल, एक की हालत गंभीर




**कुंडा, प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक के आमने-सामने की टक्कर में अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरा भी घायल हो गया। ससुराल जा रहा है युवक ई रिक्शा पलटने से घायल हुआ है। सभी घायलों को गंभीर हालत में रेफर किया है। शनिवार रात लगभग 8:00 बजे एक अज्ञात युवक बाइक से लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के भड़चक गांव के समीप पहुंचा था। इसी दौरान संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी गांव निवासी संतोष कुमार विश्वकर्मा 25 वर्ष पुत्र सूर्य दीन विश्वकर्मा भी विपरीत दिशा में जाते समय दोनों अनियंत्रित बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। परिणाम स्वरूप अज्ञात व्यक्ति बाइक समेत सड़क पर गिर कर लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। जबकि संतोष विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे 108 एम्बुलेंस दोनों घायलों को एक साथ लाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से होश आने के बाद संतोष विश्वकर्मा न अपना नाम पता तो बताया लेकिन अज्ञात के होश में ना आने पर उसके नाम पता की जानकारी नहीं हो पाई। अज्ञात युवक को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने कोतवाली पुलिस को बुलाकर घायल युवक को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया। कोतवाली पलिस अज्ञात घायल युवक को लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया , लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। घायल युवक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष जारी है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के पकरी हार मनगढ़ निवासी अनिल पटेल 32 वर्ष पुत्र जगत लाल पटेल सोमवार की मध्यान्ह शराब के नशे में बाइक से जाते समय रास्ते में दुर्घटना का शिकार हो गया। इलाज के लिए उसे तत्काल च कुंडा में पहुंचाया गया जहां गम गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के हरिपुर टिकारिया खुर्द निवासी राकेश सरोज पुत्र राम आधार सरोज की बेटी की शादी है। शादी समारोह में शामिल होने के लिए राकेश सरोज के बहनोई नई दिल्ली शालीमार निवासी सागर सरोज पुत्र रघुनाथ सरोज अपने पिता व बेटी खुशी के साथ कुंडा आया था। ई रिक्शा से तीनों लोग हरिपुर टिकरिया जा रहे थे। रास्ते में ढिकुही के समीप टर्निंग पर अचानक टर्निंग पर ई-रिक्शा मोड़ देने से पलट गया। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बने संजय वर्मा



**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ने सुलतानपुर समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी के युवा नेता को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नामित किया है। उनके मनोनयन से समर्थकों व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। जयसिंहपुर सदर विधानसभा क्षेत्र के गड़ौली डफ़लपुर निवासी समाजवादी पार्टी के युवा व जुझारू नेता संजय वर्मा को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर की जिला कार्यकारिणी के सपा नेता शिवेंद्र विक्रम उर्फ संजय वर्मा को पार्टी जिला उपाध्यक्ष नामित किया है। जुझारू नेता संजय वर्मा के पार्टी जिला उपाध्यक्ष मनोनयन की जानकारी पर पार्टी के कार्यकर्ताओं व शुभ चिंतकों में खुशी की लहर व्याप्त हैं।जानकारी देते हुए शिवेंद्र विक्रम उर्फ संजय वर्मा ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने मुझ पर विश्वास करके जो जिम्मेदारी सौंपी है। ईमानदारी पूर्वक पार्टी के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा।

## प्राकृतिक खेती के साथ पशुपालन और पौधशाला को बनाएं आजीविका का साधन: विमल कुमार




**सकलडीहा,चंदौली।** प्राकृतिक खेती के साथ पशुपालन और पौधशाला को बनाएं आजीविका का साधन कृषि सखियां। उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चयनित कृषि सखियों का प्राकृतिक खेती विषयक चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।डा. श्रीप्रकाश सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को बीजामृत से बीजोपचार एवं बीज बोना, कीटो की पहचान, विभेदन, हानिकारक और लाभकारी कीड़ों के बीच बहुफसलीय, अंतरफसलीय खेती की जानकारी दी गई। वहीं डा. नरेन्द्रदेव सिंह ने भोजन के विभिन्न घटकों का महत्व, कुपोषण का कारण, पशुधन एकीकरण की भूमिका के बारे में प्रशिक्षुओं को जानकारी दी।इसके पूर्व प्रशिक्षुओं को स्थानीय भ्रमण के अंतर्गत ओम प्रकृति नर्सरी, परमानंदपुर का विजिट कराया गया जहां पर प्रशिक्षुओं ने नर्सरी के संचालक मनोज कुमार सिंह द्वारा पौधों में कलम करना, नर्सरी तैयार करना, पौधों का रखरखाव करना और पौधशाला से अपनी आमदनी को कैसे बढ़ाया जा सकता है के बारे में बताया गया।इस अवसर पर सीसीएफओ उमाशंकर गुप्ता, सत्र प्रभारी अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, सुरेश पाण्डेय, कृषि सखी अंजली कुमारी, संध्या जायसवाल, प्रियंका देवी, रिंकी देवी, शाहजहां बेगम, रेखा देवी, मनीषा देवी, विमला मौर्या, कमला देवी, संगीता कुमारी, शीला देवी, सुधा, शकुन्तला देवी, जानकी देवी, रामशिला, रीता रंजन, उर्मिला देवी, नीलम देवी, कमलावती देवी, पूनम कश्यप, प्रेमा देवी, गिरजा देवी, रेखा, रंजू देवी, मीनू देवी, मोनी यादव, कुसुम देवी, खुशबू, सुमन, संगीता देवी, गीता देवी, सुमन देवी, बिंदा देवी, अनामिका मौर्या, संजू देवी, सोनी देवी, रेखा देवी, अंजनी प्रजापति, बबिता सिंह, ऊषा देवी, चिंता देवी, सोनम कुमारी, छाया देवी, चंद्रकला देवी, नीलम देवी, रीमा देवी, रेनू देवी, पूनम कुमारी, चंदा देवी, चंदा रावत, ममता देवी, कुसुम भारती, सीमा देवी, नीलम शर्मा, विमला देवी आदि सहित जनपद चंदौली के विकास खण्ड धानापुर, चहनिया व बरहनी से चयनित 60 कृषि सखियों की उपस्थिति रही।

## पुलिस भर्ती, आरओ एआरओ पीपर लीक मामले में एसटीएफ ने 4 को किया गिरफ्तार

**⇨ पकड़े गए लोगों के कब्जे से लाखो की नगदी, दो लग्जरी गाड़ी बरामद**



**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** पुलिस भर्ती परीक्षा आरओ एआरओ पीपर लीक मामले में यूपी की एसटीएफ ने 4 शातिर युवकों को गिरफ्तार किया है,शातिर युवकों के पास से दो लाख रुपए से अधिक नगद मोबाइल,लग्जरी गाड़ी हुंडई वरना कार और फोर्ड ईको स्पोर्ट कार व महत्वपूर्ण कागजात बरामद हुए है। एसटीएफ ने सभी आरोपियों को मंझनपुर कोतवाली पुलिस को सौप दिया। जिसके बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने चारो आरोपियों के विरुद्ध लिखापढ़ी कर न्यायालय में पेश किया जहा से सभी को जेल भेज दिया गया। यूपी एसटीएफ ने शरद कुमार सिंह, निवासी चुनार जनपद मिर्जापुर, अभिषेक शुक्ला राजा बाग लखनऊ, कमलेश पाल झूंसी प्रयागराज, अर्पित विनीत जसवंत म्योराबाद कैंट प्रयागराज को लखनऊ के वृंदावन कालोनी के पास से गिरफ्तार किया है टीम ने सभी आरोपियों के पास से नगद दो लाख दो हजार चार सौ पचास रूपया, 9 मोबाइल, दो लग्जरी गाड़ी हुंडई वरना कार और फोर्ड ईको स्पोर्ट कार व महत्वपूर्ण कागजात बरामद किया है। पुलिस ने सभी को न्यायालय पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं: रिणवा

**आयोग के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन**

**लखनऊ, (संवाददाता)।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 20 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4298 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त किये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,73,998 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,64,008 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 7250 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7325 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 376 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2892 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 140 केन्द्रों को सीज किया गया।20 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 03 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 07 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 35,679 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 82 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 136 कारतूस, 43.82 किलोग्राम विस्फोटक बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 75 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 02 केन्द्रों को सीज किया गया।

### 31537.07 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त

**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 20 अप्रैल तक 31537.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2963.79 लाख रुपये नकद धनराशि, 4137.59 लाख रुपये कीमत की शराब, 21121.15 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2158.15 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 20 अप्रैल को 161.11 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। 36.62 लाख रुपये नकद , 76.23 लाख की 27944.02 लीटर शराब, 46.08 लाख की 58338.65 ग्राम ड्रग एवं 2.10 लाख की 2730 ग्राम बहुमूल्य धातुएं व 0.08 लाख की 65 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

## 101 वां संकट मोचन संगीत समारोह....आएंगे 12 पद्म अवार्डी

**वाराणसी।** वाराणसी में 27 अप्रैल से 101वां संकट मोचन संगीत समारोह शुरू हो रहा है। श्रीसंकट मोचन मंदिर में पूरे 6 रात तक क्लासिकल और फोक गायकी, डांस और वाद्य यंत्रों की बंदिशें गूजेंगी। मॉडर्न और रेयर क्लासिकल म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स से लेकर शास्त्रीय नृत्यों की कर्णमोहक पेशकश होगी। प्रस्तुतियां देने लंदन समेत दुनिया भर के 19 शहरों के 49 नामी-गिरामी कलाकार और संगतकारों समेत कुल 150 कलाकार हनुमत दरबार में आएंगे। सबसे खास बात ये है कि प्रस्तुति देने वाले मेहमानों में कुल 12 पद्म अवार्डी हैं। इनमें से 4 कलाकारों को पद्मभूषण और बाकी 8 को पद्मश्री से नवाजा जा चुका है। वहीं, बॉलीवुड में 90 के दशक की लोकप्रिय गायिका पद्मश्री से सम्मानित कविता कृष्णमूर्ति भी अपने गीतों से हनुमान जी की स्तुति करेंगी। हनुमत दरबार में पूरी 6 निशा या रात भर क्लासिकल संगीत और नृत्य के कार्यक्रम होंगे। ड्रम से लेकर पखावज, सितार से लेकर गिटार तक होंगे।

## संदीप त्रिपाठी बने कांग्रेस मीडिया कम्युनिकेशन के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर



**कुंडा, प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार निवासी कॉग्रेस नेता व टीवी पैनलिस्ट संदीप त्रिपाठी को लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़ी जिम्मेदारी पार्टी की तरफ से सौंपी गई है। आल इंडिया कॉग्रेस कमेटी की तरफ से कॉग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व मीडिया चेयरमैन पवन खेरा की संस्तुति पर संदीप त्रिपाठी को कांग्रेस मीडिया कम्युनिकेशन राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर लोकसभा चुनाव के लिए बनाया गया है। जिसको लेकर संदीप त्रिपाठी ने मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। श्री त्रिपाठी को राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर बनाए जाने की जानकारी पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। उनके समर्थकों ने बधाई देते हुए लड्डू खिला कर मुंह मीठा कराया। संदीप त्रिपाठी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अदानी अंबानी की मोदी सरकार लगातार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहीं है। बेरोजगारी के आंकड़े लगाकर अपने रिकार्ड बना रही है। महंगाई किसानों गरीबों मध्यमवर्गीय लोगों की रसोई में आग लगा रही है। त्रिपाठी ने कहा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लगातार मजबूती से मुकाबला कर रहें है। हम जनता के मुद्दो की बात की बात कर लोगों के बीच में जा रहें है। जिसको लेकर बीजेपी जनता के बीच जाने में हाफ रही है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि हम प्रतापगढ़ तथा कौशांबी संसदीय सीट को बड़े अंतराल के साथ जीत दर्ज करेंगे।

### हाईस्कूल में नौंवा स्थान प्राप्त कर बढ़ाए जनपद का गौरव



**कुंडा, प्रतापगढ़, (संवाददाता)।** बाघराय थाना क्षेत्र के मंलावा छजईपुर गांव निवासी त्रिलोकीनाथ यादव की बेटी क्षेत्र के शाहदा हबीबी इंटर कॉलेज अहलादगंज में हाईस्कूल की छात्रा परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय ही नही जनपद का नाम गौरवान्वित किया है। शाहदा हबीबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद दानिश ने छात्रा मानसी यादव के घर पहुंचकर उसकी कामयाबी पर माल्यार्पण कर व मिठाई खिलाकर अभिनन्दन किया। छात्रा निधि यादव के 93 प्रतिशत अंक पाने पर सम्मानित किया। छात्रा मानसी के पिता त्रिलोकी नाथ यादव मां गीता देवी ने भी बेटी मानसी को मिठाइयां खिलाकर हौसला ऑफजाई किया। इस मौके पर शिव धन, संतोष तिवारी, वीरेंद्र यादव, कमलेश, सुशील, अनुज, किशन शुक्ला, पारसनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने जनपद शाखाओं का किया पुनर्गठन

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने आज लखनऊ में महामंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के परामर्श से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जनपद शाखा प्रयागराज एवं गाजीपुर का पुनर्गठन किया है। खाद्य एवं रसद विभाग मे विपणन निरीक्षक के पद पर कार्यरत विकास शुक्ला को जनपद शाखा प्रयागराज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जबकि कृष्ण कुमार को गाजीपुर जनपद शाखा का अध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी लखनऊ में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दिया है। उन्होंने कहा है कि जनपद शाखा प्रयागराज एवम् गाजीपुर के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से संयुक्त परिषद के अध्यक्ष द्वारा यह निर्णय लिया गया है। विकास शुक्ला एवं कृष्ण कुमार को मनोनीत अध्यक्ष पद की बधाई देते हुए महामंत्री अरुणा शुक्ला ने आशा व्यक्त किया है परिषद के संगठन को मजबूत करने में दोनों पदाधिकारी अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे।



परिणीति चोपड़ा, जो वर्तमान में इम्तियाज अली की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आ रही हैं। परिणीति चोपड़ा ने कहा, बॉलीवुड में काम पाना केवल योग्यता या अभिनय पर निर्भर नहीं करता है, भूमिका पाने के लिए आपको गुटों और लॉबिंग में रहना पड़ता है।

परिणीति चोपड़ा, जो वर्तमान में इम्तियाज अली की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आ रही हैं, फिल्म उद्योग में लॉबिंग के अक्सर चर्चा में रहने वाले विषय और अभिनेत्री के करियर पर इसके प्रभाव के बारे में बात की। उन्होंने उस सामाजिक गतिशीलता के बारे में बात की जो कास्टिंग निर्णयों को प्रभावित करती है और कैसे बॉलीवुड में प्रतिभा और प्रदर्शन से परे भूमिकाएं सुरक्षित करना मुश्किल हो जाता है।

**मेरा पीआर गेम बेकार है– परिणीति चोपड़ा**

अपने विचार व्यक्त करते हुए, परिणीति ने बॉलीवुड हंगामा को बताया, 卐बॉलीवुड में काम पाना केवल योग्यता या अभिनय पर निर्भर नहीं करता है; भूमिका पाने के लिए आपको गुटों और शिविरों में रहना पड़ता है। मैं सही समय पर सही जगह पर मौजूद नहीं हूं। मैं मैं हर दिन थपथपाया नहीं जा रहा हूं।卐 उन्होंने जनसंपर्क क्षेत्र में अपनी कथित कमियों पर भी चर्चा की और टिप्पणी की, 卐मेरा पीआर गेम बेकार है।卐

**मैंने राष्ट्रीय पुरस्कार जीता– परिणीति चोपड़ा**

फिल्मों में अपनी पसंद और अपनी आकांक्षाओं पर विचार करते हुए, परिणीति ने उन अभिनेताओं के लिए आवाज बनने की अपनी इच्छा व्यक्त की, जिनकी प्रभावशाली हलकों तक पहुंच नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा , 卐मैं चाहती हूं कि निर्देशक और निर्माता मुझे मेरे काम के लिए बुलाएं क्योंकि मैं कड़ी मेहनत करने को तैयार हूं। मैंने 10 साल पहले इश्कजादे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था । मैं अब भी वही अभिनेत्री हूं।卐

**परिणीति चोपड़ा, दिलजीत दोसांझ, कार्तिक आर्यन अमर सिंह चमकीला प्रीमियर में शामिल हुए**

परिणीति ने लॉबिंग की संस्कृति से दूर जाने की उम्मीद जताई। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, 卐मुझे उम्मीद है कि हम बॉलीवुड में लॉबिंग की इस प्रणाली को तोड़ देंगे क्योंकि मैं समान अवसर और काम चाहती हूं। हो सकता है कि मैंने गलत फिल्में की हों, लेकिन मैं वही एक्ट्रेस हूं जिसने 10 साल पहले शुरुआत की थी और सही मंच की तलाश में हूं।卐

इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित, अमर सिंह चमकीला पंजाब के मूल रॉकस्टार की अनकही सच्ची कहानी प्रस्तुत करता है, जो गरीबी की छाया से उभरा और 80 के दशक में अपने संगीत की ताकत के कारण लोकप्रियता की ऊंचाइयों तक पहुंच गया, जिससे कई लोग नाराज हो गए। रास्ता, जिसके कारण 27 साल की छोटी उम्र में उनकी हत्या कर दी गई। दिलजीत दोसांझ ने अपने युग के सबसे ज्यादा बिकने वाले कलाकार चमकीला का किरदार निभाया है। परिणीति ने अमर सिंह चमकीला की पत्नी अमरजोत कौर की भूमिका निभाई है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है।







बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की वो अदाकारा हैं जो सिर्फ सिल्वर स्क्रीन ही नहीं बल्कि बिजनेस की दुनिया में भी राज करती हैं। हाल ही में टाइम मैग्जीन के 100 प्रभावशाली शख्सियत की सूची में आलिया का नाम शुमार हुआ है। ऐसे में हम आपको अब जिगरा मूवी एक्ट्रेस के इन्वेस्टमेंट से लेकर इनकम तक की हर एक छोटी डिटेल्स बताने जा रहे हैं।

इन तरीको से करती हैं अच्छी–खासी कमाई

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा से लेकर हॉलीवुड अपनी अदाकारी की छाप छोड़ने वालीं एक्ट्रेस आलिया भट्ट का नाम हाल ही में टाइम मैग्जीन के 100 (अद्वद्वद्ग%ह्य 100) प्रभावशाली हस्तियों की लिस्ट में शामिल हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही अदाकारा ने बॉलीवुड का नाम रोशन कर दिया है। इसके बाद से हर किसी के जहन में ये सवाल उमड़ रहा है कि आखिर आलिया भट्ट ऐसा क्या करती हैं, जो उन्हें टाइम 100 में जगह मिली हैं।



इस लेख में हम आपको आलिया भट्ट (ग्र्द्यद्बड्ड क्च्ध्द्धड्डह्लह्ल) के बिजनेस वेंचर, नेट वर्थ इनकम और इन्वेस्टमेंट की हर एक छोटी बड़ी डिटेल्स बताएंगे, जिनको जानकार आपको ये पता लगेगा कि सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बिजनेस की दुनिया में जिगरा (छ्वद्बद्दह्म्ड्ड) मूवी अभिनेत्री आलिया का सिक्का काफी चलता है।

आलिया भट्ट के बिजनेस वेंचर

टाइम 100 में शामिल होने के साथ आलिया भट्ट इस समय लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। सिर्फ एक एक्ट्रेस ही नहीं बल्कि स्मार्ट बिजनेस वुमन के आधार पर वह काफी एक्टिव रहती हैं। अदाकारा के बिजनेस वेंचर की तरफ गौर किया जाए तो सबसे पहले जिक्र उनके प्रोडक्शन हाउस का किया जाता है।

ओटीटी फिल्म डार्लिंग्स के जरिए आलिया भट्ट ने बतौर निर्माता इंडस्ट्री में नई पारी की शुरुआत की। उनके प्रोडक्शन हाउस का नाम श्वह्लद्गह्म्ठ्ठड्डद्य स्ह्वठ्ठह्यद्धद्बठ्ठद्ग क्कह्म्श्रस्रह्वष्ह्लद्बश्रठ्ठह्य है। इसके अलावा आलिया कई बिजनेस वेंचर में मूल से रूप से जुड़ी हुई हैं। जिनमें एड ए माम्मा (श्वष्ठ—ह्रूरूक्र) का नाम भी शामिल है।

बेटी राहा कपूर के लिए प्रेंग्नेंसी के दौरान आलिया ने ष्ठ2ष्ट बिजनेस मॉडल के साथ बिजनेस वर्ल्ड में कदम रखा। खास बात ये है कि आलिया की इस चाइल्ड क्लोथिंग कंपनी में देश के दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी की बेटी इशा अंबानी के भी शेयर शामिल हैं, जिसके चलते श्वष्ठ—ह्रूरू का टर्नओवर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इन्वेस्टमेंट में बेहद स्मार्ट हैं आलिया

सिर्फ बिजनेस वेंचर ही नहीं बल्कि इन्वेस्टमेंट के मामले में भी आलिया भट्ट बड़ी ही चतुराई से दिमाग लगाती हैं। मिली जानकारी के मुताबिक कानपुर आईआईटी की ष्ठ2ष्ट वेलनेस कंपनी के क्कद्धश्शद्य.ष्टह्र ब्रैंड में आलिया ने निवेश किया है।

बताया जाता है कि स्टार्टअप के समय से राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेत्री इस ब्रैंड में रूचि रखी हुई थीं और इसमें उन्होंने अच्छा–खासा पैसा लगाया है, जो उन्हें मुनाफे की तरफ ले जाता दिखता है। इसके साथ ही ह्ड्ड4द्मड्ड और स्ह्ल4द्यद्ग ष्टह्म्ड्डष्मद्गह्म्‍ ब्रैंड में भी आलिया भट्ट का इन्वेस्टमेंट मौजूद है।

क्या हैं आलिया के इनकम ऑफ सोर्स

आलिया भट्ट की इनकम सोर्स का सबसे बड़ा जरिया फिल्में हैं और दूसरी तरफ बिजनेस वेंचर और तमाम ब्रैंड में इन्वेस्टमेंट हैं। बताया जाता है कि आलिया एक फिल्म को करने के लिए करीब 20 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। जबकि एंडोर्समेंट के लिए वह करीब 1–2 करोड़ रुपये फीस लेती हैं। कमाई के इन तरीकों से एक्ट्रेस मोटी रकम कमाती हैं।

कितनी है आलिया भट्ट की नेट वर्थ

एक बिजनेस वुमन और एक्ट्रेस के आधार पर आलिया भट्ट ने खुद को 12 साल के करियर में बखूबी स्थापित किया है। हाल ही में फोर्ब्स की तरफ से आलिया की नेट वर्थ की जानकारी दी गई थी, जिसके मुताबिक अभिनेत्री 229 करोड़ संपत्ति की मालिक हैं। यही वो वजह है जो हर दिन आलिया का अस्तित्व काफी प्रभावशाली होता जा रहा है।




पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली सिंगर–एक्ट्रेस सरगुन मेहता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी खूबसूरत फोटो–वीडियो शेयर करती रहती हैं. हाल ही में सरगुन मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ बेहद खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं, जिनको बेहद पसंद किया जा रहा है. चलिए एक नजर डालते हैं उनरे शानदार और प्यारे लुक पर.

साल 2009 में टीवी शो 12/24 करोल बाग से अपने करियर की शुरुआत करने वाली सरगुन मेहता सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस के साथ अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसमें एक्ट्रेस ब्लैक आउटफिट में नजर आ रही हैं और उनका लुक फैंस को बेहद प्यारा लग रहा है.

सरगुन मेहता ने अपने सोशल मीडिया पर जो तस्वीरें शेयर की है उनमें एक्ट्रेस ब्लैक शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं. फोटोज में एक्ट्रेस ब्लैक क्रॉप टॉप के साथ ब्लैक शॉर्क स्कर्ट कैरी किए नजर आ रही हैं, जिस पर मल्टी कलर डिजाइन बना हुआ है. एक्ट्रेस ने अपने इस लुक से फैंस का दिल जीत लिया है. साथ ही उनके इस पोस्ट पर काफी सारे लाइक्स भी नजर आ रहे हैं.

साथ ही शेयर की गई फोटोज में सरगुन खुले बालों में नजर आ रही हैं, जो हवा में लहरा रहे हैं. एक्ट्रेस लाइट मेकअप कैरी किए नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक प्यारी सी स्माइल नजर आ रही है. शेयर की गई तस्वीरों में एक्ट्रेस की क्यूटनेट और स्माइल फैंस का दिल जीत रही है. इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने इन फोटो के साथ एक प्यारा सा कैप्शन भी शेयर किया है.

इन सभी प्यारी सी तस्वीरों को शेयर करते हुए सरगुन ने एक अच्छा सा कैप्शव भी शेयर किया है, जिसमें वो लिखती हैं, उसके बारे में भूल जाओ मुझ पर ध्यान केंद्रित करो. एक्ट्रेस के इस पोस्ट को बेहद पसंद किया जा रहा है. साथ ही इस पर काफी सारे लाइक्स और कमेंट्स भी आ रहे हैं और फैंस जमकर एक्ट्रेस की तारीफें कर रहे हैं.

वहीं, अगर सरगुन मेहता के वर्कफ्रंट की बात करें तो साल 2009 में अपने टीवी शो 12/24 करोल बाग के बाद एक्ट्रेस कलर्स टीवी के फेमस शो फुलवा में नजर आई, जहां से एक्ट्रेस को पहचान मिली. इसके बाद उन्होंने पंजाबी फिल्म अंग्रेज से भी अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की. इसके बाद एक्ट्रेस कई हिंदी और पंजाबी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और नजर आ रही हैं.

# पहले मतदान, फिर कोई काम

# तनिशा मुखर्जी




देश में आने वाले समय में लोकसभा चुनाव शुरू होने वाले हैं। इस आम चुनावों को लेकर हिंदी सिनेमा के जगत के तमाम फिल्मी सितारे बढ़कर प्रचार कर रहे हैं। अब इस मामले में एक्ट्रेस अड्डठ्ठद्बह्यद्धड्ड स्ह्वद्मद्धद्गह्म्द्भद्ग का नाम शामिल हो रहा है। उन्होंने देश की जनता से वोटिंग अपील की है। हाल ही में तनिशा की फिल्म लव यू शंकर रिलीज हुई है।

लोकतंत्र के पर्व का उत्साह हर देशवासी की तरह अभिनेत्री तनिशा मुखर्जी भी महसूस करती हैं। वह कहती हैं कि मतदान करना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे सोच–समझ कर निभाना जरूरी है। लोकसभा चुनाव को लेकर बोलीं तनिशा मुखर्जी वहीं मतदान को लेकर तनीषा ने कहा कि 20 मई को मुंबई में मतदान होगा। मैं सुबह ही मतदान करने जाऊंगी, उसके बाद ही शूटिंग पर निकलूंगी। उस दिन कोई काम बाद में, पहले मतदान। देश की प्रगति में योगदान देना है तो मतदान ही वह मौका होता है। अगर आप वोट करने नहीं जाते हैं, तो फिर सवाल उठाने का हक नहीं है। आपको कोई हक नहीं है यह कहने का कि बिजली नहीं आ रही है, पानी नहीं मिल रहा है। जब 18 वर्ष की हुई थी, तो घर के बड़ों के साथ वोट देने गई थी। उसके बाद से चुनाव में मतदान करना हमेशा प्राथमिकता रही। देश की बागडोर सही हाथों में सौंपना हमारा कर्तव्य है। लव शंकर को लेकर तनिशा ने कही ये बात अपनी फिल्म लव यू शंकर को लेकर तनीषा कहती हैं कि मेरे पास जब यह फिल्म आई थी तो केवल यही कहा गया था कि एक बच्चे की मां का रोल है, बनारस में शूटिंग होगी और माय फ्रेंड गणेश के निर्देशक ही उसे बना रहे हैं। मैंने तुरंत हां बोल दिया था क्योंकि कोविड में शिव जी से जुड़ी फिल्म मिली थी तो इन्कार नहीं कर सकती थी। फिल्म की शूटिंग बनारस में हुई है। काशी विश्वनाथ जाने का अवसर मिला। गंगा घाट पर दीया जलाया था। भक्ति भाव में बहती चली गई। फिल्म में बच्चे की मां का रोल करना क्या तनीषा को जोखिम भरा नहीं लगा कि बाद में वैसे ही रोल आफर होंगे। इस पर वह कहती हैं कि स्वयं के लिए निर्णय लेना चाहिए। मैं वास्तविक जीवन में अब तक मां नहीं बन पाई हूं। पात्र के जरिए उस अहसास को जीने का अवसर मिला है। भारत देश में लोकसभा चुनाव आज से शुरू हो गए हैं। ऐसे में इस आम चुनावों को लेकर हिंदी सिनेमा जगत के तमाम बॉलीवुड सितारे बढ़ चढ़कर प्रचार कर रहे हैं। बता दें अब इस मामले में अभिनेत्री तनिशा मुखर्जी का नाम भी शामिल हो गया है। उन्होंने देश की जनता से वोटिंग केलिए खास अपील की है। आपको जानकारी केलिये बता दें हाल ही में तनिशा की फिल्म लव यू शंकर रिलीज हुई है |हर देशवासी की तरह अभिनेत्री तनिशा मुखर्जी भी वोट देने के लिये है तैयार, हालही में मतदान को लेकर तनीषा ने कहा कि 20 मई को मुंबई में मतदान होगा। साथ ही एक्ट्रेस ने कहा मैं सुबह ही मतदान करने जाऊंगी, उसके बाद ही शूटिंग पर निकलूंगी। उस दिन कोई भी काम बाद में, पहले मतदान। इसी के साथ एक्ट्रेस देश के जनता केलिए एक संदेश देती हैं, देश की प्रगति में योगदान देना है तो मतदान ही वह मौका होता है। अगर आप वोट करने नहीं जाते हैं, तो फिर सवाल उठाने का हक नहीं है। बता दें आपको कोई हक नहीं है यह कहने का कि बिजली नहीं आ रही है, पानी नहीं मिल रहा है। देश की बागडोर सही हाथों में सौंपना हमारा कर्तव्य है। अपनी फिल्म लव यू शंकर को लेकर तनीषा कहती हैं कि मेरे पास जब यह फिल्म आई थी तो केवल यही कहा गया था कि एक बच्चे की मां का रोल है, बनारस में शूटिंग होगी और माय फ्रेंड गणेश के निर्देशक ही उसे बना रहे हैं। मैंने तुरंत हां बोल दिया था क्योंकि कोविड में शिव जी से जुड़ी फिल्म मिली थी तो इन्कार नहीं कर सकती थी। फिल्म की शूटिंग बनारस में हुई है। काशी विश्वनाथ जाने का अवसर मिला। गंगा घाट पर दीया जलाया था। भक्ति भाव में बहती चली गई। फिल्म में बच्चे की मां का रोल करना क्या तनीषा को जोखिम भरा नहीं लगा कि बाद में वैसे ही रोल आफर होंगे। इस पर वह कहती हैं कि स्वयं के लिए निर्णय लेना चाहिए। मैं वास्तविक जीवन में अब तक मां नहीं बन पाई हूं। पात्र के जरिए उस अहसास को जीने का अवसर मिला है।



# सातवें दौर में हार से ऊर्जा और प्रेरणा मिली, विश्व चैंपियनशिप मैच को लेकर कही यह बात : गुकेश




**टोरंटो।** गुकेश पांच बार के विश्व चौंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पारोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में विश्व चौंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चौलेंजर बने थे। भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज 2024 टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 14वें और आखिरी दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से ड्रॉ खेलकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और विश्व चौंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चौलेंजर बने। वह इस साल के आखिर में विश्व चौंपियन चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। चेन्नई के 17 वर्ष के गुकेश के पिता ईएनटी सर्जन और मां माइक्रो बायोलॉजिस्ट हैं। गुकेश को हार से मिली प्रेरणा ज्यादातर एथलीट्स के लिए जीत ही सबसे बड़ी प्रेरणा होती है, लेकिन इतिहास रचने वाले भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश उनमें से नहीं हैं। उनका कहना है कि सातवें दौर में फिरोजा अलीरजा से हारने के बाद उन्हें सबसे युवा कैंडिडेट्स शतरंज चौंपियन बनने की ऊर्जा और जीत की प्रेरणा मिली। गुकेश ने इंटरव्यू में कहा– मैं शुरू ही से अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन सातवें दौर में अलीरजा से हारने के बाद मैं निराश था। अगले दिन मुझे आराम करना था और मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। इस तरह की हार से मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। हार के बाद मुझे लगा कि अगर मैं आगे अच्छा खेलता हूं और सही मानसिकता के साथ खेलता हूं तो टूर्नामेंट जीत सकता हूं। श्सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर ध्यान थाश् गुकेश पांच बार के विश्व चौंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। उन्होंने गैरी कास्पारोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा जो 1984 में 22 वर्ष की उम्र में विश्व चौंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चौलेंजर बने थे। 17 वर्षीय गुकेश ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दुनिया के तीसरे सबसे युवा ग्रैंडमास्टर ने कहा, श्शुरू ही से मेरा पूरा ध्यान प्रक्रिया पर भरोसा करने और सही मानसिकता के साथ अच्छी शतरंज खेलने पर था। पूरे टूर्नामेंट में मैने अच्छा खेला और मैं खुशकिस्मत था कि नतीजे पक्ष में रहे।श् यह पूछे जाने पर कि खिताब जीतकर कैसा लग रहा है? गुकेश ने कहा– यह खूबसूरत पल है। मैं बहुत खुश हूं और सुकून है कि आखिर में मैं जीत गया। ऐसा होता तो टाईब्रेकर खेल रहे होते गुकेश गुकेश को जीत के लिये ड्रॉ की ही जरूरत थी और उन्होंने नाकामुरा के खिलाफ कोई गलती नहीं की और सावधानी पूर्वक खेलकर मैच को ड्रॉ कराया। दोनों का मुकाबला 71 चालों के बाद ड्रॉ पर छूटा। दूसरी ओर कारुआना और नेपोमनियाच्ची का मैच चल रहा था। हालांकि, उनकी बाजी भी ड्रॉ रही। अगर दोनों में से कोई जीतता तो गुकेश को विजेता के साथ टाईब्रेकर खेलना पड़ता। गुकेश ने कहा कि वह टाईब्रेकर की भी तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा, श्मैं टाईब्रेकर की तैयारी कर रहा था। मैं अपने ट्रेनर से बात कर रहा था, लेकिन जैसे ही बातचीत शुरू हुई हमें पता चला कि अब इसकी जरूरत नहीं है।श् भाग्य गुकेश पर मेहरबान था, क्योंकि कारुआना और नेपोमनियाच्ची ने ड्रॉ खेला और गुकेश सबसे ज्यादा नौ अंक लेकर शीर्ष पर आ गए और टूर्नामेंट अपने नाम किया। प्रधानमंत्री से लेकर विश्वनाथन तक ने गुकेश को बधाई दी इस जीत के बाद गुकेश को काफी बधाई संदेश आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस युवा चेस ग्रैंडमास्टर को बधाई दी है। इतना ही नहीं भारत के महानतम चेस खिलाड़ियों में शुमार विश्वनाथन आनंद ने भी उन्हें बधाई दी है। गुकेश ने कहा– आनंद ने मुझे बधाई दी। उनसे बात नहीं हो सकी, लेकिन जल्दी ही करूंगा। मैने अपने माता पिता से बात की जो बहुत खुश हैं। मैंने अपने ट्रेनर, स्पॉन्सर और दोस्तों के साथ समय बिताया। बहुत सारे संदेश आ रहे हैं जिनके जवाब देने हैं। विश्व चौंपियनशिप मैच के लिए तैयारी पर बोले गुकेश विश्व चौंपियनशिप मैच के लिए उनकी योजना के बारे में पूछे जाने पर गुकेश ने कहा, श्मेरे पास इसके बारे में सोचने के लिए ज्यादा समय नहीं था। अभी कुछ दिन आराम करूंगा। पिछले तीन सप्ताह काफी तनावपूर्ण रहे हैं। आराम के बाद विश्व चौंपियनशिप के खिताबी मैच के बारे में सोचूंगा। मैं अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करूंगा।श् विश्व चौंपियनशिप मुकाबले के लिए अभी तक तारीख और वेन्यू की घोषणा नहीं हुई है।

# साई किशोर की शानदार गेंदबाजी, गुजरात टाइटंस की पंजाब किंग्स पर आसान जीत

**साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिये जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाये। लियाम लिविंगस्टोन ने बीच के ओवरों में दो विकेट चटकाकर पंजाब को मैच में लौटाने की कोशिश की लेकिन दूसरे स्पिनर हरप्रीत बरार से उन्हें सहयोग नहीं मिला। बरार ने चार ओवरों में 35 रन दे डाले।**



**मुल्लांपुर।** आर साई किशोर की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स पर तीन विकेट से आसान जीत दर्ज की। साई किशोर , राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब की टीम को 142 रन पर आउट कर दिया। साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिये जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाये। लियाम लिविंगस्टोन ने बीच के ओवरों में दो विकेट चटकाकर पंजाब को मैच में लौटाने की कोशिश की लेकिन दूसरे स्पिनर हरप्रीत बरार से उन्हें सहयोग नहीं मिला। बरार ने चार ओवरों में 35 रन दे डाले। गुजरात को आखिरी पांच ओवरों में 42 रन की जरूरत थी और राहुल तेवतिया के 16 गेंद में नाबाद 36 रन की मदद से उसने 19 . 1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात की यह आठ मैचों में चौथी जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में छठी हार रही। शुभमन गिल (29 गेंद में 35 रन) को लिविंगस्टोन ने पवेलियन भेजा। साइ सुदर्शन (33 गेंद में 31 रन) के लिये भी स्ट्रोक्स खेलना मुश्किल हो रहा था जबकि डेविड मिलर को लिविंगस्टोन ने दूसरा शिकार बनाया। पंजाब के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाया लेकिन तेवतिया ने अपने अंदाज में खेलते हुए उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले इस सत्र में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब किंग्स ने धीमी शुरूआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाये। पंजाब के लिये प्रभसिमरन सिंह ने 21 गेंद में 35 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। वह छठे ओवर में आउट हुए और उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे। मोहित शर्मा को थर्डमैन पर छक्का लगाने के बाद प्रभसिमरन विकेट के पीछे कैच दे बैठे। स्पिन तिकड़ी ने पंजाब की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। बायें हाथ के स्पिनर साई किशोर ने अपनी रफ्तार में विविधता लाकर विरोधी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। दूसरे छोर से अहमद और राशिद ने दबाव बनाया। अहमद ने रिली रोसोयू (नौ रन) को पगबाधा आउट किया। वहीं कप्तान सैम कुरेन 19 गेंद में 20 रन बनाकर राशिद का शिकार हुए। डीआरएस पर उन्हें पगबाधा आउट दिया गया जिस पर वह हैरान थे। इंग्लैंड के ही उनके साथी बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन नौ गेंद में छह रन बनाकर अहमद की गेंद में पहली स्लिप पर राहुल तेवतिया को कैच दे बैठे। साई किशोर ने जितेश शर्मा को 12वें ओवर में आउट किया जिन्होंने 12 गेंद में 13 रन बनाये। इस सत्र में पंजाब के लिये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा भी सस्ते में आउट हो गए। हरप्रीत बरार ने 12 गेंद में 29 रन बनाकर टीम को 140 के पार पहुंचाया।

# मेस्सी के दो गोल, इंटर मियामी ने नाशविले एससी को 3–1 से हराया



**सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3–1 से जीत दर्ज की है। मेस्सी के इन दो गोल के साथ ही एमएलएस में कुल सात गोल हो गये हैं। मेस्सी ने ओरलांडो के खिलाफ दो और नाशविले एससी के खिलाफ एक गोल करने में भी मदद की थी।**

फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) । अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनल मेस्सी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में नाशविले एससी पर 3–1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेस्सी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गये हैं। मेस्सी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेस्सी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेस्सी को पहला गोल करने में मदद की। मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनायी। मेस्सी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2–1 से आगे किया। मेस्सी ने फिर 81वें मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

# खेलने का सपना नहीं छोड़ा, टी20 विश्व कप खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हूं

**कोलकाता ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए फिर से खेलने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है और टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए वह वो सबकुछ करेंगे जो वह कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप तक कार्तिक 39 साल के हो जायेंगे। वह 2022 में आस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के अंतिम चरण का भी हिस्सा थे जो भारतीय टीम के लिए उनका अंतिम टूर्नामेंट था। तब से वह क्रिकेट विशेषज्ञ बन गये हैं और कमेंट्री भी करने लगे हैं। आईपीएल के इस सत्र में वापसी करते हुए वह अपनी बल्लेबाजी को नये स्तर तक ले गये हैं और 205 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु में वह विराट कोहली (361) और कप्तान फाफ डुप्लेसी (232) के बाद 226 रन से टीम के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, ''अपने जीवन के इस पड़ाव में मेरे लिए भारत का प्रतिनिधित्व करना शानदार अहसास होगा। मैं ऐसा करने के लिए बेताब हूं। इस टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के अलावा मेरी जिंदगी में इससे बड़ा कुछ नहीं होगा। '' कार्तिक भी दावेदार के रूप में सामने आ रहे हैं तो विकेटकीपर के स्थान के लिए काफी प्रतिस्पर्धा होगी जिसमें भारतीय टीम ज्यादा से ज्यादा दो खिलाड़ियों को चुन सकती है। कार दुर्घटना के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते हुए सकारात्मक जज्बा दिखाया है। संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल्स), ईशान किशन (मुंबई इंडियंस), केएल राहुल (लखनऊ सुपर जायंट्स) भी विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में शामिल हैं। कार्तिक ने कहा कि कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा और चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर 'बिग थ्री' जो भी फैसला करेंगे।




## SPORTS न्यूज़

### धाविका शालू चौधरी को क्लीन चिट, डीएनए टेस्ट से नमूना दूषित होने का खुलासा

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था। आठ सौ मीटर में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता चौधरी ने मूत्र के नमूने के डीएनए टेस्ट की मांग की जिसे अनुशासन समिति ने तो खारिज कर दिया लेकिन अपील पैनल ने मान लिया। डीएनए जांच लंदन के किंग्स कॉलेज स्थित फारेंसिक विभाग द्वारा कराई गई। अपीली पैनल ने कहा ,'' मूत्र के नमूने के पिछले विश्लेषण में डीएनए प्रोफाइल सही नहीं आया है। डीएनए नमूने की जांच रिपोर्ट को देखते हुए नाडा के वकील कोई और कारण नहीं बता पाये है जिससे अपीली पैनल खिलाड़ी की अपील खारिज करने का फैसला ले।'' इसने कहा ,'' नाडा के वकील ने डीएनए रिपोर्ट मान ली और इसके नतीजे को चुनौती नहीं दी है। इसके मद्देनजर डोपिंग निरोधक पैनल द्वारा 11 अप्रैल 2023 को दिया गया फैसला दरकिनार किया जाता है। खिलाड़ी पर लगाया गया चार साल का प्रतिबंध खारिज कर दिया गया है। इसके साथ ही 13 जून 2022 से प्रतिस्पर्धाओं में उनके नतीजे रद्द करने के निर्देश भी खारिज किये जाते हैं।'' पैनल ने 18 अप्रैल को आदेश दिये जाने के दस दिन के भीतर डीएनए टेस्ट पर हुआ डेढ लाख रूपये का खर्च भी चौधरी को भुगतान करने का नाडा को निर्देश दिया।

### हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली ने जीता टॉस, यहां देखें दोनों की प्लेइंग इलेवन

आईपीएल 2024 के 35वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टक्कर हो रही है। ये मैच क्ब् के होम ग्राउंड अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में खेला जा रहा है। जहां, दिल्ली ने टॉस जीतकर हैदराबाद को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। इसके साथ ही दिल्ली ने दो बदलाव किए हैं। सुमित की जगह ललित आए हैं, जबकि ईशांत शर्मा चोटिल हो गए हैं। उनके स्थान पर एनरिक नार्खिया को शामिल किया गया है। जहां हैदराबाद की टीम अंक तालिका में 6 में से 4 मैच में 8 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है जबकि ऋषभ पंत की टीम दिल्ली ने 7 में से तीन मैच ही जीते हैं और वो अंक तालिका में छठे पायदान पर है। दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन दिल्ली कैपिटल्सरू दिल्ली कैपिटल्स– डेविड वॉर्नर, जैक फ्रेजर, अभिषेक पोरेल, ऋषभ पंत (विकेटकीपरध्कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, ललित यादव, कुलदीव यादव, एनरिक नॉर्खिया, मुकेश कुमार, खलील अहमद। सनराइजर्स हैदराबाद– ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, अब्दुल समद, नीतीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, मयंक मार्केंडेय, टी नटराजन।

### लड़कियों को खेलों में बढावा दें, वे चेहरे पर मुस्कान लायेंगी: तेंदुलकर

**रांची।** चौम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अभिभावकों से लड़कियों को खेलों में उतरने के लिये प्रोत्साहित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि वे उनके चेहरों पर मुस्कुराहटें लायेंगी। तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि यहां युवा फाउंडेशन की फुटबॉल खिलाड़ी लड़कियों की हौसलाअफजाई के लिये आये हैं। युवा और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन मिलकर लड़कियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण देते हैं। तेंदुलकर और अंजलि ने फुटबॉल खिलाड़ियों से बात भी की। तेंदुलकर ने कहा ,'' बच्चों की ऊर्जा संक्रामक होती है। मैने उन्हें कड़ी मेहनत करते और खेल का मजा लेते देखा तो मुझे अपना बचपन याद आ गया।'' उन्होंने कहा ,'' मैं कई बच्चों से प्रेरणा लेता हूं क्योंकि उनके लिये यह सफर आसान नहीं था। उनके जीवन में भी कई दुश्वारियां हैं। कई बार उनका फुटबॉल खेलना माता पिता को पसंद नहीं आता। मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि बच्चों को प्रोत्साहित करें। ये बच्चे उनके चेहरे पर मुस्कान लायेंगे।

### एक बार फिर गौतम गंभीर ने वीवदप से उलट बात कही, माही के फैंस को नहीं लगेगी अच्छी

गौतम गंभीर अक्सर अपने कड़क जवाबों के कारण सुर्खियों में रहते हैं। एक बार फिर वो चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, उन्होंने फिर से एमएस धोनी से उलट बात की है। गंभीर ने कहा कि प्रॉसेस मायने नहीं रखता है उनके लिए रिजल्ट मायने रखता है। जबकि धोनी हमेशा प्रॉसेस की बात करते आए हैं। इसके बाद धोनी के फैंस को गंभीर के बयान से मिर्ची लगनी लाजमी है। गौतम गंभीर ने केकेआर के पॉडकास्ट में कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं खुलेआम कहता हूं कि मेरे लिए सिर्फ और सिर्फ रिजल्ट मायने रखता है। मैं प्रॉसेस को सही रखो, रिजल्ट आप सही आएगा, जैसी बातों में रत्ती भर भी यकीन नहीं करता हूं। गंभीर ने कहा कि मेरे लिए रिजल्ट का ही मतलब है। इसकी वजह साफहै कि लोग केकेआर को जीतते देखना चाहते हैं। बता दें कि एमएस धोनी की सोच इसके बिल्कुल विपरीत है। धोनी हमेशा प्रॉसेस पर जोर देते हैं। धोनी ने कई इंटरव्यू में ये बात कही है कि अगर प्रॉसेस सही रखा जाए तो रिजल्ट अपने आप सही आएगा वहीं गंभीर ने केकेआर के फैन बेस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा महसूस करता हूं और दिल से मानता हूं कि पूरे देश में केकेआर का सबसे लॉयल फैन बेस है। उन्होंने कहा कि आप केकेआर का इतिहास देखिए। पहले तीन साल में ही फ्रेंचाइजी के फैंस में काफी ज्यादा इजाफा हो चुका था। फिर साल दर साल ये बढ़ता ही गया। इसके बाद हमारे चाहने वाले हमसे जुड़े और हमेशा के लिए हमारे होकर रह गए। हमारे फैंस के अंदर केकेआर को लेकर काफी ज्यादा पैशन है। गौती ने आगे कहा कि हम 2012 और 2014 में आईपीएल में जीते थे और पूरा कोलकाता सड़क पर उतर आया था।

### रत्न, आभूषण निर्यात 2023-24 में 12.17 प्रतिशत घटकर 2.65 लाख करोड़ रुपये पर

**मुंबई ।** देश का रत्न और आभूषण निर्यात बीते वित्त वर्ष के दौरान 12.17 प्रतिशत घटकर 2,65,187.95 लाख करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्द्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों और चीन में धीमे सुधार के कारण उद्योग का प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वित्त वर्ष 2022–23 में रत्न एवं आभूषण का निर्यात 3,01,925.97 करोड़ रुपये था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने पीटीआई–से कहा, पिछला वित्त वर्ष सभी उत्पाद श्रेणियों के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था। ऐसा मुख्य रूप से अमेरिका में ऊंची ब्याज दरों से उत्पन्न मंदी के कारण हुआ, जो इस क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। इसके अलावा, चीन में कोविड–19 के बाद सुधार की प्रक्रिया धीमी रहने से भी प्रभाव पड़ा। इस बीच, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का कुल निर्यात 25.23 प्रतिशत घटकर 1,32,128.29 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2022–23 की समान अवधि में यह 1,76,716.06 करोड़ रुपये था। पॉलिश वाले कृत्रिम हीरों का अनंतिम सकल निर्यात बीते वित्त वर्ष में 13.79 प्रतिशत घटकर 11,611.25 करोड़ रुपये रह गया, जो वित्त वर्ष 2022–23 में 13,468.32 करोड़ रुपये था। हालांकि, अनंतिम आंकड़ों के अनुसार सोने के आभूषणों का कुल निर्यात 2023–24 में 20.57 प्रतिशत बढ़कर 92,346.19 करोड़ रुपये हो गया, जो 2022–23 में 76,589.94 करोड़ रुपये था।

### केंद्र का लक्ष्य भारत को विनिर्माण, सेवाओं के लिए आकर्षक गंतव्य बनाना: सीतारमण

**अहमदाबाद ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र ने भारत को विनिर्माण और सेवाओं के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए नीतियां तैयार की हैं। उन्होंने आगे जोड़ा कि न केवल घरेलू बाजार के लिए बल्कि निर्यात के लिए भी उत्पादन करने पर सरकार का जोर है। वह अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी बैठक स्थगित करने पर एक सवाल का जवाब दे रही थीं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।